



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 246/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 भोपाल से प्रकाशित अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म, सत्य ही सबसे बड़ी शक्ति dainiksandhyaprakash.in

## सेंसेक्स 1500 अंक चढ़कर 75400 के पार पहुंचा



**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार (11 अप्रैल) को सेंसेक्स करीब 1500 अंक (2.10%) की तेजी के साथ 75,400 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 500 अंकों से ज्यादा की तेजी है, ये 22,890 के स्तर पर है। फार्मा और मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी है।

वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी बोले-

# काशी हमार हौ, हम काशी के हई...

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में 3900 करोड़ रुपये की 44 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में बनारस के विकास ने एक नई गति पकड़ी है। काशी ने आधुनिक समय को साधा है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में मजबूत कदम रखे हैं। आज काशी सिर्फ पुरातन नहीं, प्रगतिशील भी है। पीएम मोदी ने कहा- आज सामाजिक चेतना के प्रतीक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने जीवन भर नारीशक्ति के हित, उनके आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए काम किया। आज हम उनके विचारों को, उनके संकल्पों को, नारी सशक्तिकरण के उनके आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं, नई उर्जा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल हनुमान जन्मोत्सव का पावन दिन है और आज मुझे संकटमोचन महाराज की काशी में आपके दर्शन का सौभाग्य मिला है। हनुमान जन्मोत्सव से पहले काशी की जनता आज विकास का उत्सव मनाने यहां एकत्र हुई है।

## सत्ता हथियाने के लिए खेलते हैं कुछ लोग



### हमारा मंत्र सबका साथ सबका विकास

कुछ लोग सत्ता हथियाने में लगे रहते हैं। उनका सिद्धांत परिवार का साथ, परिवार का विकास है। हमारा मंत्र सबका साथ सबका विकास है। बीते दशक में वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी पर करीब 45 हजार करोड़ रुपये खर्च किए। ये पैसा सिर्फ कंक्रीट पर नहीं गया, ये विश्वास में बदला है। इस निवेश का लाभ आज पूरी काशी और आसपास के जिलों को मिल रहा है। भदोही, गाजीपुर और जौनपुर के रास्तों पर भी काम शुरू हुआ है।

### काशी में सिटी रोपवे का ट्रायल भी शुरू हो गया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अब तो काशी में सिटी रोपवे का ट्रायल भी शुरू हो गया है। बनारस दुनिया के चुनिंदा शहरों में होगा, जहां ऐसी सुविधा होगी। यहां विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर का कोई भी काम होता है तो इसका पूरा लाभ पूर्वांचल के नौजवानों को मिलेगा। सारनाथ जाने के लिए शहर के अंदर जाने की जरूर नहीं होगी। अगले कुछ महीनों में जब ये सारे काम पूरे हो जाएंगे तो वाराणसी में आवाजाही और सुलभ होगी। रफ्तार भी बढ़ेगी और कारोबार भी बढ़ेगा।

## एयरपोर्ट पर ही ली केस की जानकारी कहा- दोषियों पर सख्त एक्शन हो

पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह 10 बजकर 7 मिनट पर 50वें दौरे पर वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट पर उतरते ही पीएम ने पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल से छात्रा से गैंगरेप केस को लेकर सवाल-जवाब किए। उन्होंने



कमिश्नर से वारदात की पूरी जानकारी ली। कहा- सभी दोषियों पर सख्त एक्शन हो। साथ ही, ऐसी घटना दोबारा न होने पाए। यह घटना 15 दिन पहले की है कमिश्नर ने पीएम मोदी को केस की पूरी स्टेटस रिपोर्ट बताई। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी समेत 9 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी का कैफे सील कर दिया गया है। बता दें, वाराणसी में ग्रेजुएशन की छात्रा से 29 मार्च को 23 लड़कों ने 7 दिन तक गैंगरेप किया था, फिर उसे सड़क पर फेंक कर भाग गए थे। छात्रा बदहवास हालत में घर पहुंची और दो दिन तक बेहोश रही थी। सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। उन्हें कमल छतरी भेंट की।

# प्रधानमंत्री मोदी आज ईसागढ़ के आनंदपुर धाम आएंगे

## गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम आएंगे। प्रधानमंत्री मोदी गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे और आनंदपुर धाम स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण भी करेंगे।

आध्यात्मिक और पारमार्थिक उद्देश्य से स्थापित आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां आधुनिक गौशाला संचालित है, जिसमें 500 से अधिक गौवंश है। आनंदपुर ट्रस्ट यहाँ कृषि कार्य भी कर रहा है।

आनन्दपुर ट्रस्ट ग्राम सुखपुर तहसील ईसागढ़ में 1977 से चैरिटेबल अस्पताल संचालित है। यहां मरीजों के लिए 125 बिस्तरों की व्यवस्था है। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 600 मरीजों की ओ.पी.डी. संचालित है। यहां एमडी फिजिशियन, डेंटल स्पेशलिस्ट, एमएस जनरल सर्जरी, एम.एस. आर्थोपेडिक, कॉर्डियोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट तथा नेत्रसर्जन पदस्थ है। वर्ष में विशेष स्वास्थ्य शिविर भी यहां आयोजित किये जाते हैं। ट्रस्ट द्वारा आनंद प्राथमिक विद्यालय सुखपुर, आनंद माध्यमिक विद्यालय आनंदपुर तथा आनंद मिडिल स्कूल ग्राम सुखपुर में संचालित हैं, जिसमें 62 शिक्षक-शिक्षिकाएं पदस्थ हैं एवं 1215 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं।

श्री आनंदपुर ट्रस्ट के अन्य महत्वपूर्ण सत्संग केन्द्र श्री प्रयागधाम जिला पुणे (महाराष्ट्र), श्री आनंदपुर सत्संग ट्रस्ट जम्मू, अमरधाम चैम्बूर मुम्बई (महाराष्ट्र), विवेक धाम बैंगलुरू (कर्नाटक), स्वरूप धाम पथरीताल गोंडा (उ.प्र.), आनंदधाम पंचगुणी जिला सतारा (महाराष्ट्र), आनंदधाम वसंतकुंज (दिल्ली) तथा श्री संतनगर जिला धौलपुर (राजस्थान) में संचालित है। मध्यप्रदेश में पुनीत धाम जिला शिवपुरी, परमधाम जिला ग्वालियर और सुखधाम जिला इंदौर में ट्रस्ट के सत्संग केन्द्र स्थापित हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट एवं इसके अन्य आश्रमों में वैशाखी, गुरु पूर्णिमा, दीपावली, मकर संकाति और श्री परमहंस जी का जन्मोत्सव पर्व मनाया जाता है।



ईसागढ़ स्थित आनंदपुर साहिब धाम पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी तथा अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोग्राम की तैयारियों का किया निरीक्षण।

### प्रधानमंत्री का प्रदेश आगमन गरिमा गौरव और आनंद का विषय है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विरासत से विकास के सभी संकल्पनों को लेकर राज्य



सरकार कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। प्रदेश में उनका आगमन गरिमा- गौरव और आनंद का विषय है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने मीडिया को जारी संदेश में अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में पलक पांवडे बिछाकर उनका स्वागत है।

सांध्यप्रकाश विशेष

## सम्राट विक्रमादित्य की यशोगाथा से परिचित होगी दिल्ली: मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 'विक्रमोत्सव 2025' के अंतर्गत देश और प्रदेश की सभी पीढ़ियों को सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र, विशेषकर उनके पराक्रम, शौर्य, दानशीलता, न्यायप्रियता और सुशासन से अवगत



कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दिल्ली में 12 से 14 अप्रैल 2025 तक लाल किला मैदान के माधव दास पार्क में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का भव्य मंचन किया जाएगा। इसके पहले शुक्रवार 11 अप्रैल को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किला तक सम्राट विक्रमादित्य की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित इस महानाट्य में प्रस्तुति उज्जैन की विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा दी जाएगी। इसका लेखन पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित ने निर्देशन संजीव मालवीय का है।

लाल किले में होने वाले विक्रमादित्य नाटक में जिस मंच का उपयोग किया जाएगा, उसमें पहले डॉ. मोहन यादव (वर्तमान मुख्यमंत्री) महाराज महेन्द्रसिंह की भूमिका निभा चुके हैं। यह नाटक 52 वर्षों से हो रहा है। अगले महीने भोपाल के लाल परेड मैदान में इसका मंचन होगा। श्री विशाल सांस्कृतिक लोकनृत्य संस्था इसका आयोजन करती है। नाटक में विक्रमादित्य के न्याय, पराक्रम और आदर्शों को दर्शाया जाएगा। डॉ. यादव पहले 14 बार इस नाटक में हिस्सा ले चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने किया ट्रांसोम 2025 का शुभारम्भ

# अतीत से ही आर्किटेक्ट्स का विशेष महत्व

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स- एमपी चैप्टर के सम्मेलन ट्रांसोम 2025 का कुशाभाउ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्किटेक्ट्स को विश्वकर्मा बंधु संबोधित करते हुए कहा कि अतीत से ही आर्किटेक्ट्स का विशेष महत्व रहा है। राजा भोज स्वयं बड़े वास्तुकार थे भोपाल ताल सहित प्राचीन स्थापत्य के कई बड़े उदाहरण भोपाल और भोपाल के आसपास विद्यमान है। इस दृष्टि से भोपाल में हो रहा आर्किटेक्ट्स का सम्मेलन विशेष महत्व का है।

डॉक्टर यादव ने मंदिर वास्तुकला और पूजा पद्धतियों के रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भस्म आरती जन्म से लेकर मृत्यु तक की जीवन यात्रा को संक्षिप्त रूप में दिखाने का प्रकल्प है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि भोपाल का ताल मूलतः बांध है। एक हजार साल पहले बनी है यह संरचना आज भी सामयिक और बड़ी आबादी के लिए उपयोगी है। यह प्राचीन समृद्ध ज्ञान परंपरा का जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि राजा भोज द्वारा बनवाया गया भोजपुर का मंदिर और उनके बड़े भाई राजा मुंज द्वारा मांडव में बनाई गई संरचनाएं तत्कालीन उत्कृष्ट वास्तु शिल्प का उदाहरण है। उत्कृष्ट तकनीक के यह प्रतीक हमारी संस्कृति पर गौरव और आत्मसम्मान का आधार भी हैं।





## 2011 से ही पीएम मोदी के हिट लिस्ट में था तहव्वुर राणा, 14 साल पुराना ट्वीट वायरल

**नई दिल्ली।** तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के बाद सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2011 का एक ट्वीट खूब वायरल हो रहा है। उस समय अमेरिका ने 26/11 मुंबई हमले के आरोपी राणा को बरी कर दिया था, जिस पर तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीए सरकार की आलोचना की थी। पीएम मोदी ने ट्वीट में लिखा था, अमेरिका द्वारा तहव्वुर राणा को बरी करना भारत की संप्रभुता के लिए शर्मनाक है। यह हमारी विदेश नीति की विफलता को दर्शाता है। अब राणा के प्रत्यर्पण के बाद यह ट्वीट चर्चा में है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस सफलता का श्रेय पीएम मोदी की कूटनीति को दिया है। इस बीच, राजनीतिक दलों में श्रेय लेने की होड़ शुरू हो गई है। कांग्रेस का दावा है कि राणा को भारत लाने की प्रक्रिया यूपीए सरकार के समय शुरू हुई थी, और यह उसी की रणनीति का परिणाम है।



इंदौर पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान देवास और सीहोर जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल।

## आतंकी राणा से आज पूछताछ करेगी एनआईए

**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा आखिरकार अमेरिका से भारत लाया गया। दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम को विमान पहुंचा। एयरपोर्ट पर ही राणा का मेडिकल हुआ। इसके बाद एनआईए की टीम उसे दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट लेकर गई, जहां उसे एनआईए के स्पेशल जज के सामने पेश किया गया। कोर्ट ने एनआईए को राणा की 18 दिन की कस्टडी दे




दी है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में देर रात तहव्वुर राणा को पेश किया गया। एनआईए राणा से आज पूछताछ करेगी। पूछताछ में कई राज खुल सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ में नक्सल पुनर्वास नीति लागू

## क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों में बनेंगी समितियां

**रायपुर।** राज्य सरकार की नक्सलवादी आत्मसमर्पण और पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 प्रदेश में लागू हो गई है। यह दो साल या नई नीति लागू किए जाने तक प्रभावशील रहेगी। गृह विभाग की ओर से 28 मार्च 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष समिति का गठन होगा।

पुलिस अधीक्षक को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। वनमंडलाधिकारी, जिला पंचायत के सीईओ, कलेक्टर की ओर नामांकित दो अन्य अधिकारी व सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों को भी समिति में शामिल किया जाएगा। हर जिले व सब-डिविजनल स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति होगी, जिनका मोबाइल नंबर, ई-मेल व पता राज्य शासन को भेजा जाएगा। ये सभी पुनर्वास कार्यों की निगरानी करेंगे।

राज्य स्तर पर भी गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन



किया जाएगा। इसमें पुलिस महानिदेशक सदस्य रहेंगे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, उप पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल अभियान) सदस्य सचिव और अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव नामांकित शासकीय अधिकारी सदस्य होंगे। गृह विभाग ने निर्देशित किया है कि राज्य गठन के बाद से अब तक के सभी पीड़ित प्रकरणों को चिह्नित किया जाए। आत्मसमर्पित नक्सलियों का चयन कर राहत और पुनर्वास की कार्रवाई 120 दिनों के भीतर प्राथमिकता पर की जाए।

## नहीं रहे बजाज ऑटो के पूर्व चेयरपर्सन मधुर बजाज, पीछे छोड़ गए इतनी दौलत

**मुंबई।** बजाज ऑटो के गैर-कार्यकारी निदेशक मधुर बजाज का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने 63 साल की उम्र में मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली है। उन्हें कुछ दिन पहले स्वास्थ्य



समस्या के कारण साउथ मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में स्ट्रोक पड़ने के बाद भर्ती कराया गया था।

**देश के सबसे अमीर शख्स थे मधुर बजाज-** रिपोर्ट के मुताबिक, वह अपने पीछे 35 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति छोड़ गए हैं। फोर्ब्स के अनुसार, मधुर बजाज की कुल संपत्ति लगभग 4.1 बिलियन डॉलर आंकी गई है। वह बजाज परिवार के उन सदस्यों में से एक हैं, जिनके पास बजाज समूह की हिस्सेदारी है। बता दें कि मधुर बजाज ने 24 जनवरी 2024 को स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

पहल | देशभर में फैली भ्रांतियां और अफवाहों को दूर करने की कोशिश

# वक्फ संशोधन कानून को लेकर 500 सभाएं करेगा आरएसएस का मुस्लिम संगठन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) का सहयोगी संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जो कि अब वक्फ संशोधन कानून को लेकर देशभर में फैली भ्रांतियां और अफवाहों को दूर करने के लिए 500 जगह पर सभाओं का आयोजन करने जा रहा है। यह सभाएं गांव, शहरों और नुक्कड़ों में की जाएंगी। मुस्लिम समाज के घर-घर जाकर भी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच वक्फ संशोधन कानून के संबंध में मुस्लिम समाज को अवगत कराएगा, उन्हें समझाएगा साथ ही साथ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पूरे देश में 100 से ज्यादा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वक्फ संशोधन कानून की उपलब्धियां को गिनाएगा। इसकी जानकारी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक विराग पाचपोर ने एक चैनल को दी है। उन्होंने कहा, जहां-जहां मुस्लिम बस्तियां हैं। गांव हैं, कस्बे हैं, हर जगह मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पहुंचेगा। मुसलमानों को बताने की कोशिश करेगा कि मुस्लिम समाज के फायदे का कानून है।



**पश्चिम बंगाल प्रेस कांफ्रेंस की जाएगी –** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक विराग पाचपोर ने कहा की मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की टीम पश्चिम बंगाल भी जाएगी। वहां जो मुस्लिम समाज में वक्फ संशोधन कानून को लेकर जो गलत भ्रांतियां हैं। उसे दूर करने की कोशिश की जाएगी। पश्चिम बंगाल में भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी। वहां पर भी सेमिनार और सभाएं ली जाएगी। पश्चिम बंगाल के गांव में लोगों के घरों तक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता जाएंगे। संशोधित कानून के संबंध में उन्हें बताएंगे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मानना है कि पश्चिम बंगाल में जो हिंसा हो रही है, वक्फ को लेकर वह पूरी तरीके से राजनीति से ओत-प्रोत है।

**समानता के अधिकारों को और मजबूत करेगा-** विराग पाचपोर ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मानना है कि यह कानून मुस्लिम समुदाय के आत्म सम्मान, न्याय और समानता के अधिकारों को और मजबूत करेगा। पश्चिम बंगाल का जो विरोध है वह राजनीतिक है। ममता बनर्जी ने इससे पहले भी कई कानून अपने राज्य में लागू नहीं किया, इससे उनके राज्य को नुकसान है।

### वक्फ संशोधन कानून की जानकारी देगा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मानना है कि यह बहुत ही ऐतिहासिक बिल है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने सामाजिक जिम्मेदारी मानकर गली-गली, घर-घर सभाओं के जरिए लोगों के संपर्क के जरिए वक्फ संशोधन कानून की जानकारी देगा। यह बताने की कोशिश की जाएगी कि मुसलमान के फायदे में है। यह किसी भी प्रकार की धार्मिक दखलअंदाजी नहीं है। मुस्लिम समाज को भड़काने की कोशिश की जा रही है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच मुस्लिम समाज से अपील करता है कि वह किसी के भड़काए में ना आए, देखा जा रहा है कि इस बार ओवैसी जैसे कट्टरपंथी नेताओं के साथ अब मुस्लिम समाज का समर्थन नहीं है।

**।। चैत्रमास ।।**



सनातन धर्म की दृष्टि में चैत्रमास से विधाता की सृष्टि प्रारंभ हुई थी। यह मास उत्पत्ति एवं प्रलय दोनों का विधान करता है। इसकी अमावस्या तिथि पूर्व संवत्सर की समाप्ति का तथा शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर के जीवन के आरंभ का संकेतक है। यह चराचर जगत को उत्साहित करने वाला है, इसलिए इसे मधुमास कहते हैं। इसमें प्रकृति नवीन रूप में परिणित होकर नववधू की भांति नवपुष्पों, फलों तथा नए पल्लवों से शोभायमान होकर नववर्ष के आगमन की सूचना देती है। इस नवसंवत्सर में आपके जीवन में संतुलन बना रहे, शक्ति अर्जित हो, माता जगदम्बा एवं भगवान श्रीहरि की कृपा प्राप्त होती रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**भोपाल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने शहर के ऑटो संचालकों के लिए एक निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया। यह पहल ऑटो संचालकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी सेहत की देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस कैंप में ऑटो संचालकों को निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर (बीपी) की जांच जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को निशुल्क पानी की बोतल और ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) का वितरण भी किया गया, ताकि वे अपने दैनिक जीवन में हाइड्रेशन और स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें।विश्व स्वास्थ्य दिवस, जो हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है, इस वर्ष भी स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करने का एक अवसर बना। भोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने इस मौके पर समाज के उस वर्ग को चुना, जो शहर की जीवन रेखा के रूप में कार्य करता है। ऑटो संचालक, जो दिन-रात मेहनत करते हैं और लोगों को उनकी मंजिल तक पहुंचाते हैं, अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। इस कैंप के जरिए अस्पताल ने उनकी मेहनत को सम्मान देते हुए उनके स्वास्थ्य की जांच और देखभाल का बीड़ा उठाया।कैंप का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक हॉस्पिटल परिसर में किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ऑटो संचालकों की स्वास्थ्य समस्याओं को सुना और उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। शुगर जांच के माध्यम से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी की प्रारंभिक पहचान की गई, वहीं बीपी जांच से हृदय संबंधी जोखिमों का आकलन किया गया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ ज़ीशान अहमद ने इस अवसर पर कहा, ऑटो संचालक हमारे समाज का एक अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन उनकी सेहत की अनदेखी चिंता का विषय है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर हमने इस कैंप के जरिए उनके लिए कुछ करने की कोशिश की है। उन्होंने यह भी बताया कि कैंप में करीब 200 से अधिक ऑटो संचालकों ने हिस्सा लिया।इसके अलावा, पानी की बोतल और ओआरएस का वितरण गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए किया गया। गर्मी में डिहाइड्रेशन एक आम समस्या है, और ऑटो संचालक जो दिनभर सड़कों पर काम करते हैं, उनके लिए यह और भी जरूरी हो जाता है। आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों ने हॉस्पिटल प्रशासन का आभार व्यक्त किया और इस तरह के कैंप नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।भोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की यह पहल न केवल स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक कदम है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। इस आयोजन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस को सही मायनों में सार्थक बनाया।

## जनश्री लोक कल्याण समिति की बैठक हुई, जोशी अध्यक्ष घोषित





**भोपाल।** जनश्री लोक कल्याण समिति की बैठक हिल्स व्यू गार्डन में सम्पन्न हुई। मंच पर समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने राकेश जोशी को समिति का अध्यक्ष घोषित किया। वरिष्ठजनों ने समिति को कई सुझाव दिए। समिति द्वारा महानगर भोपाल में कई कार्यक्रम संचालित करेगी। बैठक में मुख्य रूप से चेतन सिंह, ओम प्रकाश बंसल, पप्पू विलास पार्षद, पूर्व पार्षद आसाराम शर्मा, भगवत रघुवंशी, कमलेश यादव, वंदना परिहार, राजेंद्र राजपूत, कर्मचारी संघ के नेता सुधीर नायक, वरिष्ठ पत्रकार सुभाष श्रीवास्तव, समाजसेवी सुदेश पांडे, मनोज जाट, समाजसेवी कृष्णा तिवारी, गोविंद कहारे, सुनील कुशवाहा, नारायण साहू सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

## विश्व पार्किंसंस दिवस: शरीर विज्ञान की दृष्टि से पार्किंसंस रोग का कारण है: योग गुरु महेश अग्रवाल



**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि पार्किंसंस रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 11 अप्रैल को विश्व पार्किंसंस दिवस मनाया जाता है, यह एक न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है। यह दिन पार्किंसंस से पीड़ित व्यक्तियों, साथ ही उनकी देखभाल करने वालों और परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। यह जनता को शिक्षित करने, बेहतर उपचार और सहायता की वकालत करने और अंततः इस दुर्बल स्थिति का इलाज खोजने की दिशा में काम करने का एक अवसर है।

योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि शरीर विज्ञान की दृष्टि से पार्किन्संस रोग का कारण है- मस्तिष्क केन्द्रों में ब्रेन ट्रांसमीटर हार्मोन-डोपामिन की कमी होना। ये हार्मोन स्नायुविक सहयोग और सुसंचालन के लिये जिम्मेदार होते हैं। यह बीमारी अपकर्षक (डिजेनरेटिव) है, जिसका प्रभाव कई लोगों में जीवन के अंतिम वर्षों में होता है। चिकित्सा विज्ञान में डॉक्टर लोग इस हार्मोन की कमी को ठीक करके दिमाग को सामान्य बनाने के लिये %एल-डोपा% नाम के कृत्रिम हार्मोन की मात्रा रोगी को देते हैं। रोगियों में विभिन्न लक्षणों के साथ इसका असर होता है, जो मस्तिष्क की अव्यवस्था को दूर करने में सहायता करता है। योग में हम लोगों की धारणा कुछ अलग किस्म की है। हमारा लक्ष्य प्राणायाम के प्रयोग से नाड़ी मण्डल को सन्तुलित करके मस्तिष्क के क्षेत्रों को पुन: अनुप्राणित और संचालित करना है। मस्तिष्क केन्द्रों की खतरनाक क्षतिकारक प्रतिक्रिया को नियंत्रित करके उसे विपरीत प्रक्रिया में ले जाना होता है। हम लोग इसमें मल्टीपल स्कलेरोसिस% के मामले के समान ही तरीका अपनाते हैं। इसमें क्या होता है? मस्तिष्क में नाड़ी को गति देने वाले कुछ तंतुओं और मार्गों को घेर कर रखने वाली माइलिन की संरक्षक और पोषक पर्त आकस्मिक रूप से विघटित होने लगती है। इससे वे नाड़ियाँ प्राणशक्ति और पोषण के अभाव में कमजोर होकर निष्क्रिय हो जाती हैं, तथापि यह प्रक्रिया उल्टी भी जा सकती है। %मल्टीपल स्क्लेरोसिस युवकों में होता है, इसलिये इसे दिशान्तरित करना आसान हो सकता है, क्योंकि उनमें रोग के निवारण के लिये संकल्प, वचनबद्धता, परिश्रम और इच्छाशक्ति होती है। वृद्धों में ये सब बातें संभव नहीं होतीं।


पार्किन्संस रोग के लिये सबसे अच्छा अभ्यास है- नाड़ीशोधन प्राणायाम। इसमें अन्तर्कुम्भक और बहिर्कुम्भक, दो अवस्थाएँ हैं। अन्तर्कुम्भक में जालंधर बंध और मूलबंध लगाना चाहिये। बहिर्कुम्भक में इसके साथ उड्डियान बंध भी लगेगा। इस प्रकार अंतर्कुम्भक में दो तथा बहिर्कुम्भक के दौरान तीन बंधों को लगाया जाता है। नाड़ीशोधन में पूरक और रेचक का अनुपात 1:2 होना चाहिये। आरंभ में इसमें कुछ कठिनाइयाँ हो सकती हैं, लेकिन कोशिश करने से यह आसान हो जायेगा। इस अनुपात को हठपूर्वक 1:3 या 1:4 नहीं करना, बल्कि 1:2 ही ठीक रहेगा। यह शरीर विज्ञान का बुनियादी श्वास अनुपात है। इससे ऊर्जा आपूर्ति की कमी को दूर किया जा सकेगा। आरम्भ में श्वास कभी तेज और कभी धीमी हो सकती है, लेकिन सावधानी और लगन से करने पर धीरे-धीरे सब ठीक होगा। अन्ततोगत्वा पूरक और रेचक की मात्रा, गति और गुण में समानता आ जायेगी। पार्किन्संस रोग से ग्रस्त व्यक्ति के लिये यह विस्तृत अभ्यास है। इसे रोज करना चाहिये।

## महावीर जन्म उत्सव हर्ष व उल्लास से मनाया



**भोपाल।** महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन मंदिर परिषद पद्मावती संभाग की बहनों ने आदिनाथ जन्मकल्याणक से महावीर जन्मकल्याणक तक निरंतर धर्म आराधना की इस श्रंखला में नेहरू नगर शाखा व कार्याकारणी की बहनों ने रात्रि में 48 दीपकों से भक्तामर स्तोत्र पाठ किया व अंतिम दिन संगीतमय पाठ हुआ व प्रभावना की सांभाग अध्यक्ष कुमुदिनी बरयाने बतलाया सुबह जलूस में बहनों ने शानदार दिव्य धोष की प्रस्तुति देकर महिला सशक्तिकरण का उदाहरण समाज के सामने प्रस्तुत किया शांति धारा व अभिषेक कर सामूहिक भक्ति आराधना की हमारे बीच स्थानीय विधायक सबनानी जी ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढाई सभी ने महावीर जन्म उत्सव हर्ष व उल्लास से मनाया।

## संत निरंकारी मिशन द्वारा मानव एकता दिवस का 24 अप्रैल को होगा आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** आध्यात्मिकता ही मानव एकता को मजबूती दे सकती है और मानव को मानव के निकट लाकर आपसी प्रेम और सौहार्द का वातावरण बना सकी है। इसी मन्तव्य से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'मानव एकता दिवस' का आयोजन 24 अप्रैल को किया जाएगा। वहीं भारतवर्ष के प्रत्येक ब्राँचों में भी श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह एवं मिशन के अनन्य भक्त प्रताप सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगें और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेगें। संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु की असीम कृपा से इस वर्ष भी सम्पूर्ण विश्व के लगभग 500 से अधिक स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जायेगा जिसमें लगभग 50,000 से अधिक रक्तदाता मानवता की भलाई हेतु रक्तदान कर नि:स्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

## गीतांजलि चौराहे पर मनेगा श्री हनुमान जनमोत्सव

**भोपाल।** दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में नारायण पब्लिक स्कूल गीतांजलि चौराहे पर प्रत्येक मंगलवार को हनुमान की आरती व प्रसाद वितरण होता आ रहा है। इसी के चलते श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से नारायण पब्लिक स्कूल गीतांजलि चौराहे पर आयोजित होने जा रहा है। हनुमान जयंती के अवसर पर सुंदरकांड का आयोजन और विशाल भंडारा भी आयोजित होगा। श्री हनुमान जयंती महोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री गोविंद कहारे ने बताया कि 12 अप्रैल को प्रात: 8:30 बजे से सुंदरकांड का आयोजन रखा गया है साथ ही दोपहर 12 बजे से प्रसादी वितरण और विशाल भंडारा होगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी के समस्त पार्षद मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ कार्यकर्ता और सामाजिक बंधु श्री हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

# भोपाल को गार्बेज फ्री सिटी बनाने पूरी क्षमता से काम करें: निगम आयुक्त

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने भोपाल शहर को गार्बेज फ्री सिटी बनाने तथा शहर में विजिबल क्लीनेस सुनिश्चित कराने हेतु निगम के स्वच्छता कार्यों से संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों की मैराथन बैठक में निर्देशित किया कि शहर को गार्बेज फ्री सिटी बनाने हेतु सभी कार्यों को पूरी क्षमता से युद्ध स्तर पर किया जाए और विजिबल क्लीनेस के लिए सेंट्रल वज, साईड वर्ज, बैकलेन, नाला-नालियों, मुख्य मार्गों, हरित क्षेत्रों व बाजार क्षेत्रों एवं उनके आसपास बेहतर ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित करें और सूखे हरित कचरे को प्रात: 09:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उठवाने तथा रात्रिकालीन साफ-सफाई कार्य एवं रात्रि में ही कचरा उठवाने की व्यवस्था बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाए। निगम आयुक्त नारायन ने कचरा पृथक्कीकरण पर और अधिक ध्यान देने, स्त्रोत पर ही अनिवार्य रूप से कचरा पृथक्कीकृत करने और कचरा वाहनों में गीला-सूखा व अन्य प्रकार का कचरा अलग-अलग परिवहन कर गार्बेज स्टेशनों पर पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने और कचरा वाहनों को अपने निर्धारित समय पर संचालित करने तथा प्रत्येक वाहन के लिए निर्धारित ट्रिप पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण न करने वालों सड़कों पर सी.एण्ड.डी. वेस्ट/भवन निर्माण सामग्री व अन्य प्रकार की गंदगी फैलाने वालों तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के विरूद्ध सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जाए। बैठक में अपर आयुक्त श्री देवेन्द्र सिंह चौहान के अलावा अधीक्षण यंत्री एस.बी.एम, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारीगण, सहायक स्वास्थ्य अधिकारीगण, सभी 15 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों के प्रभारी, सुपरवाईजर्स आदि सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

## आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर प्रतिमाओं की सफाई कर दीपोत्सव का होगा आयोजन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के महापुरूषों के चित्रों पर दीप प्रज्जवलित कर जिला कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। यति ने बताया कि भोपाल के मंडलों में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती 13 अप्रैल की पूर्व संध्या को उनकी प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा। 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जायेगा। आमजनों के लिए शीतल जल के प्याऊ का लोकार्पण किया जायेगा। साथ ही आमसभा का आयोजन भी होगा।

भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने बताया कि 14 अप्रैल को भोपाल के बोर्ड आफिस चौराहा पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित, सांसद, विधायक, महापौर सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में जिला महामंत्री व नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर, कार्यक्रम के टोली संयोजक शंकर मकोरिया, इन्द्रजीत राजपूत, हरिओम ओसारी, महेश मकवाना, राजेन्द्र गुप्ता, अश्विनी राय, राजकुमार विश्वकर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय पाटीदार, निखलेश मिश्रा मंचासीन थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक, मंडल अध्यक्ष, संयोजक उपस्थित रहे।

### साधु वासवानी स्कूल में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया सिंधी भाषा दिवस

# हम सभी मिलकर साहित्य संस्कृति व बोली को जिंदा रखने का अथक प्रयास करें : विष्णु गेहानी



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ सिंधी भाषा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बताया कि किसी भी जाति को खत्म करना मतलब उसकी भाषा व साहित्य को खत्म करना है अत: अपनी भाषा संस्कृति को जिंदा रखने हेतु सिंधी बेली का उच्चारण करें अपनी भाषा का सम्मान करें अगर हम अपनी भाषा का सम्मान करेंगें तो हमारी भाषा लुप्त नहीं होगी आज सिंधियत के प्रति काफी जागरुकता आई हैं कई जगहों पर सिंधी मेले आयोजित किये जा रहे हैं जिससे हमारी भाषा हमेशा जिंदा रहें, आज के दिन संकल्प लें कि हम सिंधी हैं और अपनी सिंधी भाषा को बढ़ाने का यथासंभव प्रयास करेंगें और घरों में भी सिंधी भाषा का उच्चारण करेंगें। इस अवसर पर सुरेश जसवानी ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सिंधी दिवस है और सिंधी भाषा को जब आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था तो वह दिन सिंधियों के लिए बड़े हर्ष व गर्व का दिन था, उस समय भारत के 90 प्रतिशत घरों में सिंधी भाषा बोली जाती थी परंतु आज बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि केवल 15 प्रतिशत परिवारों में ही सिंधी भाषा बोली जाती है। बसंत चेलानी ने बताया कि सिंधी भाषा के उत्थान के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए क्योंकि सिंधी सभ्यता साहित्य बोली आज पिछड़ती जा रही है, सभी बच्चे सिंधी भाषा को भूल चुके है और हिंदी भाषा और अंग्रेजी भाषा को अपना रहे है, हमें सिंधी भाषा के विकास के लिए कड़े कदम उठाने होगें। इसके लिए हमें अपने घरों से ही शुरुआत करनी होगी और यह संकल्प लेना होगा कि हम सदैव सिंधी भाषा का ही उच्चारण करेंगे। सिंधी साहित्यकार कवि बल्लू चोईथानी ने सिंधी दिवस के अवसर पर अपने विचार रखते हुए बताया कि अपनी मातृभाषा को बोलने में हमें शर्म नहीं वरन् गर्व महसूस होना चाहिए।

## राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस




यह दिवस हर साल 11 अप्रैल को मनाया जाता है। 11 अप्रैल (1869) को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी का जन्मदिन है। साल 2003 में भारत सरकार ने कस्तूरबा गांधी के जन्मदिन को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस घोषित किया था। राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के बाद माताओं को बेहतर चिकित्सीय सुविधा के साथ उनका उचित देखभाल करना है। उचित स्वास्थ्य देखभाल न होने से गर्भावस्था की एवं प्रसव में जटिलताओं के कारण होने वाली माता और शिशु की मृत्यु को कम करना है। इसमें कमी लाने और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ही राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है।

**राजेश नारायण श्रीवास्तव ( एडवोकेट )**

# 3 साल में अमेरिका से भी अच्छी होगी मप्र की सड़कें

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री गडकरी ने 5800 करोड़ रुपए लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण व भूमि-पूजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को धार जिले के बदनावर के ग्राम खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 5800 करोड़ रूपए की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं एवं संबद्ध अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। यहां तेजी से विकास हो रहा है। सबको सुखी, समृद्ध और सशक्त बनाने का विजन लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़ी तेजी से प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमार्ग सिर्फ एक मार्ग नहीं, यह जन-जन का जीवन बदलने वाले प्रगति पथ होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 सालों में हम देश की अधोसंरचना में व्यापक बदलाव लेकर आए हैं। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है, इसमें मध्यप्रदेश की भागीदारी भी होगी। म.प्र. में विकास की ललक दिखाई देती है, इसलिए हम इसे देश के विकास का सबसे बड़ा अंशभागी राज्य बनायेंगे।

### सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन में मिलेगी भरपूर मदद: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में अमृतकाल चल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने देश का कायाकल्प करने का जो स्वप्न देखा था, प्रधानमंत्री मोदी अटल जी के उसी स्वप्न को साकार करने की दिशा में अनथक गति से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि इसी अमृतकाल में हमारा देश, विश्व का सबसे अच्छा देश बनकर उभरेगा। सड़कें विकास का सहज पैमाना होती है। इसलिए गांव-गांव तक रोड कनेक्टिविटी बढ़ाकर हम मध्यप्रदेश की जनता की जिन्दगी में बदलाव लाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम रोड कनेक्टिविटी बढ़ाकर गांव के साथ-साथ शहरों को भी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर और भोपाल जल्द ही मेट्रोपॉलिटिन सिटी बनेंगे। ग्रामीण हो या शहरी सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री गडकरी द्वारा मुक्त हृदय से मध्यप्रदेश को 5800 करोड़ रूपए लागत की 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात देने के लिए आभार जताते हुए कहा कि गडकरी देश के राजमार्ग विकास पुरूष हैं। उनके नेतृत्व में देश में तेजी से अधोसंरचनात्मक विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मालवा अंचल को सीधे तौर पर लाभान्वित करने वाली इन सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से सरकार को सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन में भरपूर मदद मिलेगी।

केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले तीन साल में हम मध्यप्रदेश में उपलब्ध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से अच्छा और सुंदर बनायेंगे। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में हम देश में तीन लाख करोड़ रूपए से अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश-प्रदेश के विकास के लिए 4 प्रमुख संसाधनों जल, ऊर्जा, परिवहन और अधोसंरचनात्मक विकास की जरूरत होती है और उन्हें खुशी है कि मध्यप्रदेश इन चारों संसाधनों के विकास पर तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मांग पर मंच से ही केन्द्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ रूपए लागत से 400 कि.मी. लंबाई 6 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ रूपए की लागत से एनएचएआई द्वारा निर्मित किए जाने वाले 5 नए ग्रीनफील्ड इकॉनामिक कॉरिडोर निर्माण कार्य, रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरीडोर, सेतु एवं अन्य निर्माण कार्यों को भी मंजूरी देते हुए इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समय-सीमा भी घोषित की। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि सड़क परियोजनाओं के पूरा होने पर क्षेत्र का विकास होगा। युवाओं को रोजगारमिलेगा, गरीबी दूर होगी। किसानों की फसल को अच्छा दाम मिलेगा। रोड कनेक्टिविटी बढ़ेगी और लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि राजमार्ग हैप्पीनेस लाने वाले हाई-वे होते हैं। हम मध्यप्रदेश के गांव-गांव को सड़कों से जोड़ेंगे, ताकि यहां सबको शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य उपचार और विकास का लाभ मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम विरासत से विकास की ओर बढ़ रहे हैं। अपनी विरासतों को समृद्ध कर लोगों को जोड़ रहे हैं। केन्द्र सरकार की मदद से हम महाकालेश्वर ज्योर्तिलिंग को केन्द्र में रखकर इसे गुजरात स्थित सोमनाथ ज्योर्तिलिंग और ओंकारेश्वर से एक सूत्र में जोड़ेंगे। इसके लिए हमने केन्द्र सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगी, जिससे विकासरूपी अमृत का सर्वाधिक लाभ मध्यप्रदेश को मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री से मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क और बढ़ाने की मांग करते हुए अपना विस्तृत मांग पत्र उनके समक्ष रखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने जो भी मांगा, केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने हमें समय-समय पर वो सब दिया, पर हम यही नहीं रूकेंगे। प्रदेश के हित में हम नई राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए सतत् मांग करेंगे। सिंहस्थ = 2028 के बेहतर आयोजन और श्रद्धालुओं के सहज और सुगम आवागमन के लिए मध्यप्रदेश में एक स्ट्रांग रोड नेटवर्क की स्थापना के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने जनजातीय आबादी वाले धार जिले के बदनावर के ग्राम खेड़ा में इस भव्य आयोजन के लिए केन्द्रीय मंत्री गडकरी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि धार से तीन ज्योतिर्लिंग जुड़ते हैं। पर्यटन स्थल मांडू और बदनावर में खुले पीएम मित्र पार्क से इस क्षेत्र के विकास को एक नई गति मिलेगी और रोजगार बढ़ेंगे।लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने देश में सड़कों का जाल बिछाया है। उन्होंने गडकरी को विकास पुरुष की संज्ञा देते हुए बताया कि जीआईएस-2025 में एनएचएआई ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ 1 लाख करोड़ रुपए के विकास कार्यों का एमओयू किया है। अगले तीन वर्षों में यह परियोजनाएं जमीन पर नजर आने लगेंगी। मध्यप्रदेश में रोड निर्माण के लिए अब पेड़ों की कटाई नहीं होगी, जरूरत पड़ने पर उन्हें शिफ्ट किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार सड़क निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेतृत्व में तकनीक का उपयोग कर रेंडम आधार पर विकास कार्यों का औचक निरीक्षण और सैंपलिंग भी की जा रही है। भविष्य में मध्यप्रदेश विकास कार्यों के लिए अपनी नई पहचान बनाएगा।केन्द्रीय मंत्री गडकरी, मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अतिथियों ने विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद अनिल फिरोजिया, सांसद शंकर लालवानी, सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, राज्यसभा सदस्य बंशीलाल गुर्जर, विधायक कालू सिंह चौहान, विधायक श्रीमती नीना वर्मा, विधायक जितेंद्र पंड्या सहित अन्य विधायकगण व स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।




### नए राष्ट्रीय राजमार्गों से किसान हो रहे समृद्ध मंत्री विजयवर्गीय

नगरीय विकास एवं आवास तथा धार जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री गडकरी के विजन से देश का अधोसंरचनात्मक परिदृश्य बदल रहा है। देश और प्रदेश में धार्मिक स्थलों की सूरत बदल रही है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ = 2028 के आयोजन के लिए हम केन्द्र सरकार के सतत सम्पर्क में है। केन्द्र सरकार ने नए-नए राष्ट्रीय राजमार्ग बनाकर किसानों को समृद्ध बना दिया है। उन्होंने चित्रकूट धाम के विकास के लिए सतना से चित्रकूट तक 4 लेन सड़क की मांग की, जिसे केन्द्रीय मंत्री ने मंच से मंजूरी दे दी।

### इन सड़क परियोजनाओं का हुआ भूमि-पूजन और लोकार्पण

केन्द्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन-बदनावर खंड पर नवनिर्मित 4 लेन सड़क, उज्जैन-गरोठ के खेड़ा खजुरिया से सुहागड़ी तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, उज्जैन-गरोठ के सुहागड़ी से बर्डिया अमरा तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, जीरापुर-सुसनेर-मध्यप्रदेश एवं राजस्थान बॉर्डर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क और बाकानेर घाट पर पेव्ड शोल्डर के साथ अतिरिक्त 3 लेन सड़क का भी लोकार्पण किया। इसी प्रकार संदलपुर-नसरुल्लागंज खंड पर 4-लेन सड़क, चंदेरी-पिछोर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क, इंदौर-गुजरात खंड पर 7 फ्लाई ओवर एवं अंडरपास, शाजापुर, कनासिया एवं एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में 3 फ्लाई ओवर, अंडरपास तथा रसलपुर जंक्शन पर फ्लाई ओवर के कार्यों का भूमि-पूजन किया।

## पूर्व डीजीपी एचएम जोशी के साथ मारपीट गला दबाकर रखी पैसे की डिमांड

### हबीबगंज पुलिस थाने में अपने केयर टेकर के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भोपाल में पूर्व डीजीपी के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। जिस पुलिस अफसर से डकैत खौफ खाते थे, उसी अफसर को पीटा और गला दबाकर पैसे की डिमांड रखी। डीजीपी के बेटे बहू आईएएस रह चुके हैं।

देश की आजादी के बाद पहले बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और मध्य प्रदेश के पूर्व डीजीपी एचएम जोशी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जोशी ने भोपाल के हबीबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एचएम जोशी 1948 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। 80 के दशक में वे मध्य प्रदेश के डीजीपी रह चुके हैं।

### क्या है मारपीट का पूरा मामला

पूर्व डीजीपी एचएम जोशी ने हबीबगंज पुलिस थाने में अपने केयर टेकर रफीक खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका केयर टेकर रफीक उन्हें डराने-धमकाने के साथ-साथ पैसे वसूलने की कोशिश कर रहा था। बताया गया कि रफीक को जोशी के परिवार ने एक निजी एजेंसी के माध्यम से नियुक्त किया था और उसे हर महीने 18 से 20 हजार रुपए वेतन दिया जा रहा था।

### अचानक पहुंची कुक, तो बची जान

घटना बुधवार की है, जब रफीक ने जोशी का गला दबाकर उनसे पैसे मांगने की कोशिश की। इसी दौरान संयोगवश घर में खाना बनाने वाली महिला गीता आ गई। उसे देखकर आरोपी घबरा गया और पीछे हट गया। जोशी ने पूरी घटना को लेकर एक लिखित शिकायत हबीबगंज थाना पुलिस को दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि एजेंसी द्वारा भेजे गए केयर टेकर का बैकग्राउंड क्या है और पहले कोई आपराधिक गतिविधि रही है या नहीं।

उल्लेखनीय है कि एचएम जोशी मध्यप्रदेश के पूर्व डीजीपी रहे हैं और वे चर्चित करप्शन केस में बर्खास्त हुए आईएएस अधिकारी अरविंद जोशी के पिता हैं। उनकी बहू टीनू जोशी भी करप्शन केस में ढ्रस के पद से बर्खास्त की गई थीं। अरविंद जोशी का वर्ष 2022 में निधन हो गया था। वहीं, टीनू जोशी लंबे समय से गायब हैं। 1948 बैच के आईपीएस एचएम जोशी 1980 में मध्य प्रदेश के डीजीपी रहे थे। जेपी आंदोलन के समय उन्होंने चंबल इलाके में 400 से अधिक डकैतों के आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जोशी वर्तमान में अरेरा कॉलोनी, भोपाल में रहते हैं और अब चलने-फिरने में असमर्थ हैं।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले तीन लाख 9 हजार किसानों को 5 दिन में होगा संपूर्ण भुगतान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले तीन लाख 9 हजार किसानों को पाच दिन में होगा संपूर्ण भुगतान कर दिया जाएगा। मध्यप्रदेश में 3,528 उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं खरीदी की जा रही है। अब तक कुल 3.09 लाख किसानों से 26.73 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। इसमें से 24.44 लाख मीट्रिक टन का परिवहन तथा 21.86 लाख मीट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है। खाद्य मंत्री गोविंद राजपूत ने बताया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन की प्रक्रिया 20 जनवरी से 9 अप्रैल 2025 तक संचालित की गई। इस अवधि में प्रदेश के 15 लाख 33 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया। उपार्जन की अवधि 15 मार्च से 5 मई 2025 तक निर्धारित है। किसानों को गेहूं के लिए 2,425 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ 175 प्रति क्विंटल बोनस, कुल 2,600 प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा रहा है। मंत्री राजपूत ने बताया कि अब तक किसानों को 5,027 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। शेष भुगतान 3 से 5 कार्य दिवसों में पूर्ण कर लिया जाएगा। राज्य सरकार किसानों को समय पर उचित मूल्य और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। उपार्जन प्रक्रिया को सरल, व्यवस्थित और किसान हितैषी बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

### सम्राट विक्रमादित्य की यशोगाथा से परिचित होगी दिल्ली, आज निकलेगी शोभायात्रा

## प्रदर्शनी और फूड कोर्ट में दिखेगी मध्यप्रदेश की मनमोहक झलक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 'विक्रमोत्सव 2025' के अंतर्गत देश और प्रदेश की सभी पीढ़ियों को सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र, विशेषकर उनके पराक्रम, शौर्य, दानशीलता, न्यायप्रियता और सुशासन से अवगत कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दिल्ली में 12 से 14 अप्रैल 2025 तक लाल किला मैदान के माधव दास पार्क में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का भव्य मंचन किया जाएगा। इसके पहले शुक्रवार 11 अप्रैल को दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किला तक सम्राट विक्रमादित्य की शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित इस महानाट्य में प्रस्तुति उज्जैन की विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा दी जाएगी। महानाट्य का लेखन पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित और निर्देशन श्री संजीव मालवीय का है। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की गाथाएं लगभग 250 कलाकारों द्वारा प्रदर्शित की जाएंगी। महानाट्य के दृश्यों को सजीव बनाने के लिए पालकी, रथ, घोड़ों और एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार 'विरासत से विकास' के ध्येय वाक्य पर काम कर रही है। इसी क्रम में अतीत के गौरवशाली नायकों के जीवन के अलग-अलग पहलुओं को जनता के सामने लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विक्रम संवत के प्रवर्तक सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल भारतीय साहित्य, ज्योतिष, आयुर्वेद, गणित और चिकित्सा विज्ञान का स्वर्णिम युग भी रहा है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के माध्यम से जीवंत कर जनता के बीच प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा 'विक्रमादित्यकालीन मुद्रा और मुद्रांक' की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भारतीय ॠषि वैज्ञानिक परंपरा पर केंद्रित 'आर्ष भारत' प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 से अधिक ॠषियों के जीवन और योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा 'मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां' विषय पर और पर्यटन एवं उद्योग विभाग द्वारा भी प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल में फूडकोर्ट लगाया जाएगा। इसके माध्यम से दर्शक प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। फूडकोर्ट में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के पकवान- बघेलखंडी निमोना, मालवा की कॉर्न पेटिस और भुट्टे की कीस, इंदौरी पोहा और विंध्य की इंद्रहार-कढ़ी-भात उपलब्ध होंगे। प्रदेश के विशिष्ट पेय जैसे सन्नाटा, नींबू पुदीना, आम पना, सब्जा शिकंजी, गुलाब लस्सी, कुल्हड़ चाय, प्रसिद्ध मिष्ठान जैसे मावा बाटी, जलेबी और श्रीअन्न व्यंजन जैसे कोदो भात, कुटकी गुड खीर और सवां खीर भी मेनू में शामिल किए गए हैं।

## जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आर्ट ऑफ लिविंग और राज्य रोजगार गारंटी परिषद के बीच एमओयू

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की पहल पर मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद और 'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था के सहायक संगठन व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। प्रदेश में नदियों के उद्गम क्षेत्रों में वाटरशेड विकास तथा पारंपरिक चंदेला-बुंदेला तालाबों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए यह महत्वपूर्ण कदम । इस समझौते का उद्देश्य राज्य में जल संरक्षण और संवर्धन को वैज्ञानिक ढंग से सशक्त करना है। यह एमओयू 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत कार्यान्वित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जलग्रहण क्षेत्रों में कार्य योजना बनाना, वैज्ञानिक प्रशिक्षण देना, समुदाय आधारित जागरूकता अभियान चलाना और जल प्रबंधन को सशक्त करना प्रमुख उद्देश्य हैं। इस अवसर पर 'आर्ट ऑफ लिविंग' की ओर से व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया के अध्यक्ष श्री रोहित सिक्का एवं मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की ओर से आयुक्त श्री अवि प्रसाद ने हस्ताक्षर किए। व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया द्वारा पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विभिन्न हितधारकों और ग्रामीण समुदायों को जल संरक्षण, जल प्रदूषण नियंत्रण एवं जल गुणवत्ता सुधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसरो सहित अन्य एजेंसियों से प्राप्त रिमोट सेंसिंग डेटा के आधार पर वैज्ञानिक कार्य योजना तैयार की जाएगी। जल संचयन की संभावनाओं को स्ङ्कक्कञ्ज सॉफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित किया जाएगा और इसमें सुधार हेतु तकनीकी सहायता भी दी जाएगी। मनरेगा के अमले को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (ई-डीपीआर) बनाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा।फील्ड डेटा संग्रहण हेतु मोबाइल ऐप्स की सुविधा दी जाएगी एवं कार्यों की सतत निगरानी की जाएगी। जल हितधारकों को युवा नेतृत्व प्रशिक्षण, जल चेतना शिविर जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर समुदाय-नियंत्रित जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा।

### गुना के ग्राम कंजा में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में हुआ कलश एवं भूमि-पूजन

## पंचायत मंत्री पटेल ने दी पौधरोपण के लिए तीन सूत्रीय योजना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरुवार को गुना जिले की ग्राम पंचायत पुरैनी अंतर्गत ग्राम कंजा में स्थित कूनो नदी के उद्गम स्थल पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में सहभागिता कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर यात्रा निकाली। मंत्री श्री पटेल ने सभी बालिकाओं का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए। इसके बाद उन्होंने कूनो नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद करते हुए इस स्थान के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी ली। उद्गम स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन एवं भूमि-पूजन किया गया। आवन गुरुकुल के आचार्य एवं छात्रों ने मंत्रोच्चार किया। कार्यक्रम में गुना




विधायक श्री पन्नालाल शाक्य सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नदियां सदियों से समाज की जल आवश्यकताओं को पूरा करती आ रही हैं। उन्होंने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें ऐसे पौधे लगाने चाहिए जो भू-जल स्तर बनाए रखने में सहायक हों। उन्होंने पौधरोपण के लिए तीन प्रमुख बातों पर बल दिया। उपयुक्त स्थान का चयन पौधों की तार फेंसिंग द्वारा सुरक्षा एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना। मंत्री श्री पटेल ने कलेक्टर श्री कन्याल को कहा कि, ऐसी शासकीय भूमि का चयन किया जाए जहाँ पौधे सुरक्षित रूप से पनप सकें और एक दिन विशाल वृक्ष बन सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कार्य के लिये आवश्यक सभी सहयोग उनकी ओर से उपलब्ध कराया जाएगा।मंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा उत्पादों की खरीदारी की गई, जिससे समूहों को आर्थिक प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में जनपद पंचायत के फायर फाइटर टैंकर की कार्यक्षमता का प्रदर्शन और उपयोगिता बताई गई।

# आखिरकार नईदुनिया बिका क्यों?



**रमण रावल**

इस अत्यंत लोकप्रिय,प्रामाणिक व चर्चित रहे हिंदी अखबार की बिक्री के 23 साल बाद भी इस पर चिंता प्रकट की जा रही है, चर्चा की जा रही है तो आप समझ सकते हैं कि हिंदी पत्रकारिता जगत में इस अखबार की कितनी ऊंचाई रही होगी, कितनी प्रतिष्ठा होगी और किस स्तर का लगाव रहा होगा। एक बार फिर राख में दबी चिंगारी को फूंक मारकर सुलगाने का संयोग बना इंदौर प्रेस क्लब के 63 वें स्थापना दिवस पर आयोजित व्याख्यान के दौरान। इस मसले को प्रस्तुत किया माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने अपने उद्बोधन में। वे स्वयं करीब 10 वर्ष तक नईदुनिया में सेवा दे चुके हैं।

इस प्रतिष्ठा प्रसंग के पहले दिन के पहले सत्र में पत्रकारिता का इंदौर घराना विषय पर विद्वानों के व्याख्यान रखे गये थे। उसमें नईदुनिया में बतौर पत्रकार काम कर चुके राजेश बादल,यशवंत व्यास,जयदीप कर्णिक व विजय मनोहर तिवारी को बोलना था। संचालन प्रकाश हिंदुस्तानी कर रहे थे और वे भी नईदुनिया में रहे थे। कमोबेश सभी ने जहां नईदुनिया के तेवर,तिलस्म,प्रभाव और सत्ता के गलियारों तक पर उसकी मजबूत पक? की बातें कहीं,उदाहरण प्रस्तुत किये। इस संस्थान से निकले महान संपादक राजेंद्र माथुर के जिक्र के बिना कभी-भी नईदुनिया की कहानी अधूरी ही नहीं उबाऊ भी रहे।

इस सिलसिले की अंतिम क?ी में जब विजय तिवारी ने बोलना प्रारंभ किया तो अनायास वेदना भरे स्वर में उन्होंने नईदुनिया की बिक्री के प्रसंग को छे?कर समूचे माहौल को अलग ही रंग दे दिया। वे इसे हिंदी पत्रकारिता के लिये पी?ादायक घटना के तौर पर याद करते हैं और सवाल भी उठाया कि क्या ऐसा कोई विकल्प नहीं हो सकता था, जब नईदुनिया से निकले लोग,इससे लाभान्वित हुए लोग,इसके प्रबंधन से आत्मीय स्तर पर जु? लोग, शहर के तमाम मसलों से सार्थक,सतत और सकारात्मक सरोकार रखने वाले लोग इस अखबार की इतनी मदद नहीं कर सकते थे कि वह बिकता नहीं । गैर इंदौरी के हाथ में नहीं जाता । उनके दिल में तो वे नाम भी थे, जो अपनी जेब उल्टी करते तो उतने रुपये उसमें से निकल आते, जिससे अखबार फिर चल निकलता।

दरअसल, इंदौर की पत्रकारिता से सरोकार रखने वाले इंदौरी और बाहरी तमाम लोगों के बीच अब भी यदाकदा यह सवाल तैरता रहता है कि ऐसी कौन सी मुसीबत आन प?ी थी कि नईदुनिया बिक गया? इसमें कभी संदेह और दो राय नहीं हो सकती कि नईदुनिया इंदौर ही नहीं हिंदी पत्रकारिता की मालवा-निमा? की,मध्यप्रदेश के सामाजिक,राजनीतिक जीवन की ध?कन समान था। उसकी इतनी प्रतिष्ठा थी कि संचार माध्यम की लचर अवस्था वाले दौर में जिस दिन सुबह नईदनिया में यह छप जाता कि आज अवकाश है तो जिलाधीश बिना तस्दीक किये घोषणा कर देते। विद्यालय,शासकीय कार्यालयों में छुट्टी हो जाया करती थी।

यह वही नईदुनिया अखबार था, जो मप्र का मंत्रिमंडल तय करता था, जिलों में कलेक्टर,एसपी के तबादले तय करता था । 5 जून 1947 को कृष्णकांत व्यास,कृष्णचंद्र मद्गल,बाबू लाभचंद छजलानी व बसंतीलाल सेठिया ने इसे प्रारंभ किया था और कुछ समय के बाद केवल छजलानीजी व सेठियाजी के हाथ में इसका प्रबंधन आ गया, जिसमें बाद में नरेंद्र तिवारी भी जु? गये। इसके पहले विधिवत संपादक राहुल बारपुते बने,उसके बाद राजेंद्र माथुर। इन दोनों ने हिंदी पत्रकारिता में कैलाश पर्वत समान कीर्तिमान कायम किये। नित-नई परिभाषायें गढ़ी। भाषा का ऐसा शिल्प कौशल तैयार किया, जो आज तक प्रचलन में है । यही कारण है कि संगीत घरानों की तरह हिंदी पत्रकारिता में इंदौर को घराने का गौरव मिला।

पचास के दशक से लगाकर तो 2 अप्रैल 2012 को नईदुनिया के बिकने तक पूरे देश की पत्रकारिता में नईदुनिया के दीक्षित-प्रशिक्षित होकर निकले पत्रकार,संपादक छाये रहे । अन्य संस्थानों में उनका चयन केवल इसलिये हो जाया करता था कि वे नईदुनिया में हैं या रहे हैं। जब नईदुनिया का हिमालयीन आकार था, तब इसके प्रबंधकों से लगाकर प्रशंसकों,पाठकों,लेखकों व अन्य हिंदी अखबारों के मालिकों तक के सपने में भी ये बात नहीं आ सकती थी कि कभी इसका पराभव होगा और बिकने तक की नौबत आ जायेगी।

संभवत यही वजह रही कि इस भ्रम या धारणा या अति आत्म विश्वास के चलते नईदुनिया के प्रबंधकों ने समय के साथ इस विधा में आये बदलाव को समझा ही नहीं,उसके अनुसार अपने को किंचित भी परिवर्तित नहीं किया और दुराग्रह की सीमा तक जाकर पारंपरिक आग्रहों से चिपके रहे। इस बीच 5 मार्च 1983 को इंदौर से दैनिक भास्कर प्रारंभ हुआ, जो भोपाल और झांसी के बाद एक और संस्करण था। उसन् नईदुनिया की कमजोर क?ियों को तलाशा और उन पर वज्र प्रहार करना प्रारंभ किया। जो नईदुनिया से उपेक्षित थे,उन्हें सहलाया,अपना बनाया। तकनीकी और प्रबंधकीय बदलावों को अपनाया और कछुये की गति वाला भ्रम पैदा कर कब हिंदी पत्रकारिता के अंतरिक्ष में विकास का राकेट प्रक्षेपित कर दिया, इसका पता चला,तब तक काफी देर हो चुकी थी। नईदुनिया के आधार स्तंभ माने जाने वाले राजेंद्र माथुर नवभारत टाइम्स दिल्ली के संपादक होकर चले गये और उसके बाद जैसे नईदुनिया के सारे तटबंध ढह गये और उसने जो तबाही मचाई, वह 2 अप्रैल 2012 को इसकी बिक्री के रूप में सामने आई।



**विजय मनोहर तिवारी** ने अपने उद्बोधन में बेहद भावुक होकर यह आव्हान किया कि इसकी बिक्री के वास्तविक कारणों को और उस दुर्योग को टाले जा सकने वाली स्थिति पर अध्ययन किया जाना चाहिये। साथ ही यह भी कहा कि इस पर कोई गंभीर प्रयास होता है तो विश्वविद्यालय इसमें यथा संभव सहयोग भी करेगा। कहना मुश्किल है कि कोई इस चुनौती को स्वीकार कर पायेगा ।














# 'अखबारों से सिमटता साहित्य' विषय पर मंत्री सिलावट, मीडियावाला की एक्जीक्यूटिव एडिटर डॉ स्वाति तिवारी सहित वरिष्ठ पत्रकारों ने विचार रखें

**इंदौर।** इंदौर प्रेस क्लब दौरा आयोजित पत्रकारिता महोत्सव इंदौर मीडिया कॉन्क्लेव 2025 में एक सत्र'अखबारों से सिमटता साहित्य' पर आयोजित हुआ। इस विषय पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, मीडियावाला की एक्जीक्यूटिव एडिटर डॉ स्वाति तिवारी,दैनिक जागरण दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार अनन्त विजय,एनडीटीवी इंडिया के सीनियर एक्जीक्यूटिव एडिटर प्रियदर्शन और वरिष्ठ पत्रकार निर्मला भुराडि ने विचार रखे।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर में इस तरह के आयोजन होना केवल सराहनीय नहीं बल्कि प्रशंसनीय भी हैं। इंदौर की पहचान साफ-सुथरे शहर से बढ़कर देश में भाषाई पत्रकारिता के क्षेत्र में भी है। मीडिया कॉन्क्लेव से जो निष्कर्ष निकलेगा उसका प्रभाव देश-दुनिया की पत्रकारिता पर भी पड़ेगा।

दैनिक जागरण दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार अनन्त विजय ने कहा कि हमें सबसे पहले यह समझना होगा कि हम साहित्य किसे मान रहे हैं। सिनेमा, रंगमंच, लघुकथा क्या यही साहित्य हैं। आज देश में स्वतंत्र रूप से लिखने वालों की कमी हो गई है। अगर हम यह सोचें कि साहित्य के नाम पर अखबारों में फूहड़ता लिखें तो सच में स्थान की कमी हो गई है। अगर घटिया साहित्य को ही लेखन मान लिया जाएगा तो बचेगा क्या। उन्होंने कहा कि लेखन में आज गुणवत्ता की कमी है। हरीशंकर परसाई, शरद जोशी, श्रीलाल शुक्ल जैसे कितने ही मूर्धन्य साहित्यकार हैं, जिनका आज भी तोड़ नहीं हैं। अगर हम अपनी लेखनी पर स्वयं ध्यान देकर सब आरोप अखबारों पर लगा देंगे तो यह ज्यादती होगी।

एनडीटीवी इंडिया के सीनियर एक्जीक्यूटिव एडिटर प्रियदर्शन ने कहा कि आजादी की जंग में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह पत्रकारिता जेलों में गढ़ी गई और उसका अपना संघर्ष रहा है। समय और काल के साथ पत्रकारिता में बड़ा बदलाव आया है, जिससे साहित्य का स्थान अपने आप कम हो गया। आज की कविताओं में न कविता है और ना ही गजल में गजल है। कहानियों से कहानी गायब जो साहित्य के लिए चिंतनीय है। जीवन की घटनाओं से साहित्य का जन्म होता है और साहित्य का अपना दृष्टिकोण भी होता है। वक्त के साथ पत्रकारिता और साहित्य दोनों के दृष्टिकोण बदल गए। आज का साहित्य रसहीन है। आज अखबार तो पढ़े जा रहे हैं, लेकिन मुद्दे की बात यह है कि उसमें छप क्या रहा है। एक दौर था जब पत्रकारिता ही साहित्य का हिस्सा हुआ करती थी। फिर पत्रकारिता में साहित्य का दौर आया और आज दोनों की धुरी अलग-अलग है।



**मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर में इस तरह के आयोजन होना केवल सराहनीय नहीं बल्कि प्रशंसनीय भी हैं। इंदौर की पहचान साफ-सुथरे शहर से बढ़कर देश में भाषाई पत्रकारिता के क्षेत्र में भी है। मीडिया कॉन्क्लेव से जो निष्कर्ष निकलेगा उसका प्रभाव देश-दुनिया की पत्रकारिता पर भी पड़ेगा। दैनिक जागरण दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार अनन्त विजय ने कहा कि हमें सबसे पहले यह समझना होगा कि हम साहित्य किसे मान रहे हैं। सिनेमा, रंगमंच, लघुकथा क्या यही साहित्य हैं। आज देश में स्वतंत्र रूप से लिखने वालों की कमी हो गई है। अगर हम यह सोचें कि साहित्य के नाम पर अखबारों में फूहड़ता लिखें तो सच में स्थान की कमी हो गई है।**

वरिष्ठ साहित्यकार एवं मीडियावाला न्यूज़ पोर्टल की एग्जीक्यूटिव एडिटर डॉ. स्वाति तिवारी ने कहा कि एक दौर था, जब अखबार भी साहित्य का हिस्सा हुआ करते थे, लेकिन समय के साथ इसमें भी बदलाव आया। अब पत्रकारिता से साहित्य कम होता जा रहा है। किसी घटना को देखकर साहित्यकार जो सृजन करता था, उसमें संवेदना हुआ करती थी। यह संवेदना ही समाज को गति प्रदान करती थी, लेकिन आज के साहित्य में संवेदना गायब है। साहित्य की किसी भी विधा की रचना में संवेदना को बचाना जरूरी है, तभी सही मायनों में साहित्य बच सकेगा। आज का समय कॉपी पेस्ट व कट पेस्ट का है और साहित्य में भी यही सब हो रहा है। यही कारण है कि अखबारों से साहित्य कम होता जा रहा है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार निर्मला भुराडिडा ने कहा कि साहित्य से मनुष्य में चेष्टा जागृत होती थी, लेकिन समय के साथ यह कम हो गई। अखबारों से साहित्य में कमी आई जो चिंता की बात है। कार्पोरेट कल्चर आने के बाद पत्रकारिता से साहित्य दिनों-दिन गुम होता जा रहा है। युवाओं का ध्यान भी साहित्य पर नहीं है, जो चिंतनी है। एक दौर था जब युवाओं में साहित्य के प्रति ललक होती थी, आज यह सब खत्म हो गई। कार्यक्रम मॉडरेट डॉ. अमिता नीरव थी। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित नईदुनिया के स्टेट एडिटर सद्गुरुशरण अवस्थी एवं संपादक डॉ. जितेन्द्र व्यास और नवभारत समूह के संपादक क्रांति चतुर्वेदी का स्वागत भी किया गया।

अतिथियों का स्वागत मुकेश तिवारी, डॉ. कमल हेतावल, सुधाकर सिंह, विनिता तिवारी, संध्या राय चौधरी ने किया। प्रतीक चिन्ह व्योमा मिश्रा, अलका सैनी, वैशाली शर्मा और स्मृति आदित्य ने प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्पण जैन ने किया।

# वैकल्पिक मीडिया ने पाठकों के दिलों में जगह बना ली, बाकी सारे मीडिया पीछे रह गए!

**इंदौर।** खबरों की प्रतिस्पर्धा के बीच वैकल्पिक मीडिया ने अपनी अलग जगह बनाई है और इस क्षेत्र में लगातार सफल हो रहा है। पाठकों को सच दिखाने और बताने का साहस रखने वाला वैकल्पिक मीडिया ही आज देश का असली मीडिया है, जो आमजन मानस की आवाज को उठा रहा है। वास्तव में वैकल्पिक मीडिया तो आजकल अखबार हो गए, जिनमें 8 से 10 घंटे पुरानी खबरें छपती है।

इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित 'मीडिया कॉन्क्लेव' के दूसरे दिन मंगलवार को पहले सत्र में वैकल्पिक मीडिया पर विचार के दौरान यह बात उभरकर आई। 'सफल होता वैकल्पिक मीडिया' विषय पर इस सत्र में चार वरिष्ठ पत्रकारों ने अपनी बात कही। शुरुआत 'मीडियावाला' के प्रधान संपादक सुरेश तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद मुझे साथियों ने सलाह दी कि मीडिया का काम शुरू करें। हमने पहले पीआर एजेंसी शुरू की और फिर 'मीडियावाला' के प्लेटफार्म पर कुछ अलग करने के संकल्प के साथ काम शुरू किया। कुछ विशेष कॉलम शुरू किए, जिनकी लोकप्रियता खूब बढ़ी। इस पर बड़ी संख्या में पाठकों की प्रतिक्रिया आई। कई खबरों और आलेखों को पाठकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिलने लगी, तब हमें लगा कि हमने जो तय किया था उसमें हम सफल हो रहे हैं। खबर की जहां तक बात है तो हम उसकी प्रमाणिकता पर बहुत अधिक ध्यान देते हैं।

**इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित 'मीडिया कॉन्क्लेव' के दूसरे दिन मंगलवार को पहले सत्र में वैकल्पिक मीडिया पर विचार के दौरान यह बात उभरकर आई। 'सफल होता वैकल्पिक मीडिया' विषय पर इस सत्र में चार वरिष्ठ पत्रकारों ने अपनी बात कही। शुरुआत 'मीडियावाला' के प्रधान संपादक सुरेश तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद मुझे साथियों ने सलाह दी कि मीडिया का काम शुरू करें। हमने पहले पीआर एजेंसी शुरू की और फिर 'मीडियावाला' के प्लेटफार्म पर कुछ अलग करने के संकल्प के साथ काम शुरू किया। कुछ विशेष कॉलम शुरू किए, जिनकी लोकप्रियता खूब बढ़ी। इस पर बड़ी संख्या में पाठकों की प्रतिक्रिया आई। कई खबरों और आलेखों को पाठकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिलने लगी, तब हमें लगा कि हमने जो तय किया था उसमें हम सफल हो रहे हैं। खबर की जहां तक बात है तो हम उसकी प्रमाणिकता पर बहुत अधिक ध्यान देते हैं।**

सीबीलाइव झाबुआ के चंद्रभान सिंह ने कहा कि यदि दमदारी से पत्रकारिता करना है, तो उसके लिए अपना खुद का प्लेटफार्म होना जरूरी है। यह अहसास होने के बाद मैंने अपना प्लेटफार्म शुरू किया। आदिवासियों की आवाज बनने का प्रयास किया और इसमें हमें कामयाबी भी मिली। क्योंकि, मेरा जो वैकल्पिक मीडिया है, वह एक मिशन की तरह काम कर रहा है। जिसका उद्देश्य सिर्फ खबरे दिखाना नहीं, बल्कि आदिवासी अंचल के जरूरतमंद लोगों की मदद करना भी है। लाखों लोग हमारे फालोअर्स हैं यह हमारे वैकल्पिक मीडिया की बड़ी कामयाबी है।

इसके बाद 'द लपेटा' के भुवनेश सेंगर ने कहा कि मैंने कई ब? टीवी चैनलों में काम किया। जब सबसे कम तनख्वाह मिलती थी, तब मैं सबसे अच्छा काम और दमदार पत्रकारिता करता था। इनमें से कुछ चैनलों में काम करने के बाद मुझे लगा कि मेरी प्रसिद्धि तो बढ़ गई, लेकिन मैं पत्रकारिता नहीं कर पा रहा हूं। मैंने चैनलों का साथ छोड़ा और अपना खुद का प्लेटफार्म 'द लपेटा' शुरू किया। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिस पर काम करते हुए सुकून महसूस कर रहा हूं और लग रहा है मैं वास्तव में पत्रकारिता कर पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि 'द लपेटा' की एक खबर की गूंज जब संसद में हुई और खबर का असर दिखाई पड़ा तो मुझे बड़ी खुशी हुई कि मेरा जो प्रयास है, वह सही दिशा में है।

अंत में '4 पीएम' लखनऊ के संजय शर्मा ने कहा कि सत्ताधीशों के दबाव और सत्ताओं से संघर्ष के बीच भी हम अपनी अलग पहचान और मीडिया जगत में जगह बनाने में सफल हुए हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि वैकल्पिक मीडिया सच दिखाने और बताने का साहस रखता है। इस देश में सच बोलने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। हमें भी यह कीमत कई बार चुकाने पड़ी। लेकिन, हमने सच बोलना नहीं छोड़ा। उन्होंने राजनीतिक और सत्ता के दखल के कई किस्से सुनाते हुए कहा कि इस सबके बीच भी वैकल्पिक मीडिया सशक्त होता चला जा रहा है। हम पर लोगों का विश्वास बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पत्रकारिता के छात्रों से कहा कि वैकल्पिक मीडिया में काम करने के साथ वैकल्पिक रोजगार भी अपने साथ जरूर रखें। बड़ा सपना देखें और उस सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। जब मुकाबला सत्ताधीशों या ताकतवर लोगों से हो तो उस मुकाबले के लिए प्रकाशित, प्रसारित की गई खबर के दस्तावेज जरूर अपने पास रखें।

इस सत्र के मॉडरेटर इन्दौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने वैकल्पिक मीडिया प्लेटफार्म को अपनाकर सफल हुए सुरेश तिवारी, चंद्रभान सिंह, भुवनेश सेंगर और संजय शर्मा के प्रयासों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक मीडिया ने बड़ी उपस्थिति देश के मीडिया जगत में दर्ज कराई है। आज का यह सत्र हमारे पत्रकार साथियों के लिए तो बेहद उपयोगी है ही, उन छात्र-छात्राओं के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा, जो भविष्य में मीडिया के क्षेत्र में अपना नाम रोशन करना चाहते हैं।

अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रेस क्लब महासचिव हेमंत शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार सुनील जोशी, सुधाकर सिंह, संदीप सिंह सिसोदिया, हरिनारायण शर्मा, प्रवीण सावंत, डॉ अर्पण जैन ने प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मुकेश तिवारी ने किया और आभार प्रेस क्लब के सचिव अभिषेक मिश्रा ने माना। इस मौके पर कई वरिष्ठ पत्रकार, छायाकार, इलेक्ट्रॉनिक और वेब मीडिया से जुड़े मीडिया के साथ, पत्रकारिता संस्थानों के विद्यार्थी, शहर की कई प्रमुख संस्थाओं के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail—com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakashÐin

# ऑनलाइन गेमिंग ने ले ली अंकित की जान, 2 आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**औबेदुल्लागंज संवाददाता (सुरेश केवट)।** रायसेन जिले के ओबैदुल्लाहगंज में अंकित चौरे ने लालच में आकर ऑनलाइन गेम खेला और जब वह कर्ज तले दब गया तो उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय ने इस बात का खुलासा प्रवेश वार्ता में किया है। पुलिस ने इस मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। औबेदुल्लागंज में विगत 18 मार्च को अंकित चौरे नामक युवक ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग इंटीमेशन 00/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर मौके पर मृतक अंकित चौरे के शव की शव पंचायतनामा कार्यवाही के दौरान सोसाईड नोट व मोबाईल जप्त किया।जांच,परिजनों के कथन एवं सौसाईड नोट में अन्यासिंह का वाट्स-अप मैसेज मृतक अंकित चौरे के मोबाईल पर आया था अन्यया सिंह ने अपने आपको कंपनी का होना बताया व पार्ट टाइम जॉब व अतिरिक्त आय के नाम पर टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ने का बोला जो टेलीग्राम ग्रुप एकाउन्ट के उपयोगकर्ता ने अंकित को छोटे मोटे टास्क दिये थे।जिसके बाद अंकित को कुछ पैसा मिल गया और वह लालच में आ गया। फिर धीरे-धीरे उन्होने अंकित से पैसा जमा करवाना शुरू कर दिया।

# महालक्ष्मी मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 12 को

**छतरपुर।** सरानी दरवाजा बाहर स्थित सिद्धपीठ माँ महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा 12 अप्रैल को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। पिता रामलाल अग्रवाल एवं माताजी कमला देवी अग्रवाल की स्मृति में उनके पुत्र संतोष कुमार अग्रवाल, पुत्रवधु पुष्पा देवी एवं नाती आयुष अग्रवाल गोयल परिवार के सहयोग से यह निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 12 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार उन्हें निःशुल्क दवा का वितरण होगा एवं चश्मा भी दिया जायेगा। परीक्षण में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर उसी दिन शिविर के तत्काल बाद निजी वाहन से ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन निःशुल्क व सशुल्क दोनों प्रकार के होंगे। मरीजों को चित्रकूट जाने व वापस आने, भोजन व ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। अग्रवाल समाज के नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि मरीजों को शिविर में आधारकार्ड या उसकी फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। उन्होंने अपील की है कि आँखों के मरीज अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ उठायें।

# सकल जैन समाज ने भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया



**सांध्य प्रकाश बैतूल।** सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत कोठी बाजार चौक स्थित पुराने जैन मंदिर से भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा यात्रा लल्ली चौक से होते हुए सीमेंट रोड कमानी गेट स्थित संभावनाथ जैन मंदिर तक पहुंची। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर की रावली की यात्रा में शामिल श्रावक सफेद वस्त्रों में तथा श्राविकाएं केसरिया साड़ियों में सजकर शामिल हुईं। पुरुषों ने पीली टोपी पहन रखी थी। जिससे संपूर्ण समाज एक अनुशासित स्वरूप में नजर आया। कोठी बाजार क्षेत्र भगवान महावीर के जय घोष के नारों से गूंज उठा। महावीर जयंती के अवसर पर समाज के सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। दोपहर में गंज क्षेत्र स्थित अमीझरा पार्श्वनाथ जैन मंदिर में पंचकल्याणक पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा का आयोजन महावीर मिष्ठान भंडार के राजू भाई, भरत भाई हलवदिया द्वारा किया गया। पूजा में बड़ी संख्या में समाजिक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर जैन समाज के गणमान्य नागरिकों धनजी पगारिया, राजकुमार बोथरा, पूर्व विधायक निलय डागा, दीपक मेहता, राजेश मेहता, दिलीप गोठी, हेमंत पगारिया,अतुल शाह,राहुल लोहाड़िया, विशाल लोहाड़िया,अन्नू जैन, उत्तम जैन, किशोर जैन, संजय जैन,विनय सुराना, सुधांशु, प्रशांत मरोठी, धीरज बोथरा, राकेश सुराना, मुकेश सुराना, विमल सुराना, लवलेश पगारिया की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान श्रद्धा,भक्ति और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला।

## जिले में भिक्षावृत्ति पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा

# भिक्षा देने वालों पर भी अधिनियम के अंतर्गत होगी कार्रवाई





**औबेदुल्लागंज, संवाददाता।** मप्र बाल अधिकारी संरक्षण आयोग द्वारा विगत कुछ दिनों से ट्रेफिक सिग्नल, चौराहों, धार्मिक स्थलों या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भिक्षावृत्ति की जानकारी प्राप्त होने पर जिलों को बाल एवं परिवार भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके परिपालन में जिला दण्डाधिकारी अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्वेता पवार द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 में प्रदत्त अधिकारों को प्रयोग में लाते हुए रायसेन जिले की समस्त राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

जारी आदेश के तहत जिले में भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार के सामान को खरीदना प्रतिबंधित किया गया है। जो व्यक्ति भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कोई चीज प्रदान करता है, देता है या इनसे कोई सामान खरीदता है तो, उसके विरूद्ध इस आदेश का उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163(2) के तहत तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। आदेश का उल्लंघन करने पर उक्तआदेश के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# नगर में संचालित 27 अनधिकृत कॉलोनी संचालकों पर कार्रवाई करने थाना प्रभारी को लिखा पत्र



**सिरोंज।** नगर पालिका द्वारा प्रेस नोट जारी करके अवगत कराया है कि नगर सिरोंज में अनाधिकृत कॉलोनीयों के भूस्वामियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 ग कहत कार्रवाई किए जाने हेतु थाना प्रभारी को एक पत्र जारी किया गया है जिसमें नगर सिरोंज में संचालित 27 अनाधिकृत कॉलोनीयों नागरिक अधोसंरचना प्रदान करने हेतु चिन्हित कर मध्य प्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के नियम 23 (3) के कहत प्रथम सूचना प्रशासन पत्र में नामांकित थे। उक्त प्रारंभिक सूचना में अंकित सभी भू स्वामियों द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 ग की उपधारा एक के तहत अनधिकृत कालोनी विकसित करने का अपराध कारित किया गया है। जो अधिनियम की धारा 339 ग की उपधारा चार के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इसी क्रम में नगर पालिका अपने पत्र दिनांक 9/4/2025 द्वारा उक्त कॉलोनी भू-स्वामीयों के संबंध में दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु पत्र जारी किया गया है।

### बैरसिया में धूमधाम से निकली भगवान महावीर की शोभायात्रा

# नगर के मुख्य मार्गों से निकला श्रीजी का भव्य विमान, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब



**बैरसिया।** भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर बैरसिया नगर में धार्मिक उल्लास और आस्था के साथ भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। पार्श्वनाथ जिनालय से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई महावीर जिनालय पहुंची। शोभायात्रा में भगवान श्री महावीर स्वामी का भव्य विमान आकर्षण का केंद्र रहा, जो दशकों वर्ष पुराना, चांदी का बना हुआ था। नगरवासियों ने पूरे उत्साह से इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का आरती कर श्रीफल भेंट किया। यात्रा में शामिल विभिन्न महिला मंडल, बैंड-बाजे और भगवान महावीर के अहिंसा का संदेश देती जयकारे लगाए गए। शोभायात्रा के उपरांत महावीर जिनालय में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक एवं विशेष पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजजनों एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक लाभ लिया। नगर में शांति और सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए थे। पूरा वातावरण धार्मिक भक्ति और अहिंसा के संदेश से सराबोर नजर आया।

# किसानों का गेहूं 2600 रुपए क्विंटल लिया जा रहा है: धर्मेंद्र सिंह

## धान की खेती पर 4 हजार रुपए हेक्टेयर बोनस भी सरकार दे रही है



**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने दमोह जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समदई में आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकापर्ण एवं दिनारी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल खासतौर पर मौजूद थी।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा ग्राम समदई में 11-50 लाख रूपये की राशि से बनने वाले आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण और ग्राम दिनारी में 15 लाख रूपये की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन का कार्य किया गया है। दिनारी गांव के लोगों की बहुत समय से मांग थी और उसमें हैंडपंप की मांग थी जिसे भी पूरा करवा दिया गया है। गांव के लोगों ने यहाँ पर पंचेश्वर धाम में बाउंड्री वॉल की मांग की है जिसे भी पूरा किया गया है। जल्द ही बाउंड्री वॉल का काम भी प्रारंभ किया जायेगा। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा सरकार की बहुत सारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को धन्यवाद भी दे रहे हैं कि बहुत अच्छा शासन चल रहा हैं। किसानों का गेहूं भी इस साल 2600 रूपये क्विंटल में लिया जा रहा है, जिससे किसान भी सुखी है। उन्होंने कहा धान की खेती जिन किसान भाइयों ने की है, उनको एक हेक्टेयर पर 4000 रूपये का बोनस भी सरकार देने वाली है, तो निश्चित रूप से किसान के लिए बहुत अच्छी योजना सरकार की चल रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा जबेरा विधानसभा के ग्राम समदई में राज्यमंत्री के साथ समदई गांव में आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों के साथ माँ की देखभाल होती है, जिससे माँ और बच्चा हष्ट पुष्ट, स्वस्थ्य पैदा हो, क्योंकि यह एक ऐसा केंद्र होता है जहाँ से बच्चों की देखरेख, पोषण आहार, टीकाकरण आदि होता हैं, टीके के माध्यम से बच्चे का जन्म स्वस्थ्य होता है उसमें माँ भी स्वस्थ्य होती हैं। उन्होंने कहा बहुत अच्छा कार्यक्रम किया गया हैं, यहाँ ग्राम दिनारी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया हैं।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटेल ने कहा गरीब और मध्यम परिवार के लोग अपने बच्चों की शादी/विवाह करना चाहें तो वह बड़े-बड़े शादी हॉल से नहीं कर पाते हैं, परंतु सामुदायिक भवन के माध्यम से आसानी से कर सकते हैं और कम खर्चे में कर सकते हैं। उन्होंने कहा मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ की उनके माध्यम से क्षेत्र में विकास की गंगा वह रही हैं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्त्ता, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पुराने जल स्रोतों का जन भागीदारी से करेंगे गहरीकरण

**आष्टा।** मप्र सरकार द्वारा शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने आज जावर तहसील के ग्राम मेहतवाड़ा,भानाखेड़ी,बिलपान, खटसुरा, झिकडी,सेमलीबारी,कुण्डिया धागा

पहुचे एवं सभी ग्रामो में ग्रामीणों,जनप्रतिनिधियों की उपस्तिथि में जन सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारम्भ किया। आयोजित कार्यक्रमो में विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्रामो में पीएम आवास योजना के अंतर्गत जिन हितग्राहियों के नाम आवास स्वीकृत हुए उनेह स्वीकृति पत्र वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की लगातार जल का दोहन करने से आज जमीनी जल स्तर काफी नीचे चला गया है। अब हमें इसके लिये बारिश का पानी को गांव का पानी गांव में ओर खेत का पानी खेत मे ही रहे ताकि वो पानी बह कर ना जाये और जमीन में उतरे जिससे जमीनी जल स्तर बढे। इसके लिये हमें भी जागरूक होना होगा और दूसरों को भी प्रेरित करना होगा। विधायक ने आगे कहा की हमारे क्षेत्र में जितने भी पुराने तालाब,कुएं, बावड़ी या अन्य जो भी जल स्त्रोत है उन सभी का पुनरूत्थान एवं जन सहयोग से गहरीकरण करने के काम के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की है। जिसके तहत ग्रामों में जो भी जल स्त्रोत है उन सभी का जन सहयोग से गहरीकरण किया जाएगा निश्चित रूप से गांव का पानी गांव में ही रहे जिससे जमीनी जल स्तर भी बढ़ेगा तथा ग्रामों के किसान भाइयों के लिए भी यह एक उचित और अच्छा कार्य होगा। इस अवसर पर आज विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान का श्री गणेश किया गया। वहीं कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिन-जिन ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास जिन हितग्राहियों के स्वीकृत हुए हैं उन्हें आज उनके ग्राम में ही पहुंचकर आपकी सरकार आपके द्वार के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किए गये।

## संपूर्ण विश्व को भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा मार्ग के सिद्धांतों पर चलना होगा



**आष्टा।** आज जहां विश्व में विभिन्न राष्ट्र अपने हितो के लिए हिंसा के मार्ग पर उतरकर युद्ध के मैदान में हैं। राष्ट्रो एवं देश में हिसात्मक गतिविधियाँ हो रही हैं, उन्हे रोकने का एकमात्र उपाय जैन धर्म एवं भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा के सिद्धांत ही शांति की दिशा में कारगार साबित हो सकते हैं। हमें भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा के सिद्धांत का पालन करना होगा। सदियों पूर्व भगवान महावीर स्वामी ने जीओं एवं जीने दो का सिद्धांत देकर संपूर्ण मानवीय सभ्यता को अहिंसावादी होकर जीवन जीने का संदेश दिया था। विश्व को भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत पर चलना आज के समय की आवश्यकता हैं। आचार्य विराग सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य विनिश्चय सागर महाराज, विनिष्चल सागर महाराज, विश्रांत सागर महाराज, प्रवर सागर महाराज, विनियोग सागर महाराज, सुयोग्य सागर महाराज, सुमित्र सागर महाराज, क्षु. प्रमोक्ष सागर महाराज की पावन निश्रा में श्री दिगम्बर जैन पंचायत के समस्त पदाधिकारी एवं समाजजन् एवं महिलाऐं परम्परागत परिधान में नगर के मुख्य मार्गो से निकले। जैन युवा संगठन की आकर्षक बैंड टीम ने विशेष प्रस्तुति दी। पूर्व नपाध्यक्ष ने भगवान महावीर स्वामी की चांदी की प्रतिमा की आरती एवं पूजन की।

# बैतूल में होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमैन की 270वीं जयंती मनाई



**बैतूल।** होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 270वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को बैतूल के होटल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैतूल के सभी होम्योपैथिक चिकित्सकों और आयुष मेडिकल एसोसिएशन बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश परिहार, डॉ. जी.डी. राठी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकिकर, डॉ. सुनील महाले और डॉ. अनंत मालवीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज वरवड़े ने कुशलतापूर्वक किया।

इस अवसर पर होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों को शील्ड और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, होम्योपैथिक चिकित्सकों ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. प्रमोद भालेकर ने डॉ. हैनिमैन के होम्योपैथी में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला, वहीं डॉ. सुजाता सिंह ने होम्योपैथी के कार्य करने के तरीके और इसके द्वारा उपचार की प्रक्रिया पर जानकारी दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया था, जिसमें डॉ. विशाल धोटे, डॉ. ओम चौहान, डॉ. मनोज वरवड़े, डॉ. प्रमोद भालेकर और डॉ. प्रदीप बिहारे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह की अध्यक्षता आयुष मेडिकल एसोसिएशन बैतूल के अध्यक्ष डॉ. सुमित मद्रेले ने की।

इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. विनय चौहान, डॉ. अरुण जयसिंहपुरे, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. सैलेंद्र सोनी, डॉ. कृष्णा पाटणकर, डॉ. जगन्नाथ चेरकी, डॉ. रितेश कुम्भारे, डॉ. रितेश सोनी, डॉ. देवेंद्र लिल्होरे और डॉ. कमलेश रघुवंशी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, बैतूल जिले के अन्य चिकित्सक जैसे डॉ. बी.डी. सिनोटिया, डॉ. संदीप पारखंडे और डॉ. नरेश पानसे भी उपस्थित रहे। यह आयोजन होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके महत्व को रेखांकित करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# खरगोन पुलिस ने लुटेरी दुल्हन के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को किया गिरफ्तार

## घटना दिनांक से ही फरार थे, 2 अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक सांध्य प्रकाश संवाददाता खरगोन।** पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के द्वारा जिला खरगोन में लंबित पंजीबद्ध प्रकरणों मे फरार चल रहे आरोपियों की तलाश पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिये गये थे। प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (शहर) भापुसे श्री नरेंद्र रावत व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारीयों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम मे पुलिस थाना टीम सनावद के द्वारा लूटेरी दुल्हन के मामले मे फरार चल रहे 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 13.02.2023 को निवासी आली खुर्द के द्वारा रिपोर्ट कराई कि मेरे साथ आरोपीगण ज्योतिबाई पति यशवंत कनाड़े निवासी शहडोल, 2. रवि पिता शैलेष चौहान उम्र 29 साल निवासी सिरलाय, 3. सुनीताबाई पति रवि चौहान उम्र 35 साल निवासी मनावर, 4.पंकज पिता रामप्रसाद कुमावत उम्र 35 वर्ष, 5 .रतन पिता दरियाव गावर उम्र 45 साल निवासी तारापुर गेट नं. 08 मांडव जिला धार 6. रजनीबाई उर्फ सुशीलाबाई पति स्वं. कुवरसिंह हमलिया उम्र 55 साल निवासी खलघाट पुनर्वास थाना धामनोद जिला धार ने योजना बनाकर फरियादी के साथ आरोपिया ज्योति की शादी रिश्तेदार बनकर करायी और शादी कराने के बदले धोखाधड़ी कर एक लाख रुपये फरियादी से लेकर आपस मे बाट लिये थे।

फरियादी की सूचना के आधार पर पुलिस थाना सनावद पर अपराध क्रमांक 56/2023 धारा 420, 34 भा.द.वि. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना को दौरान थाना सनावद की टीम के द्वारा आरोपी ज्योतिबाई, रवि, सुनीताबाई, पंकज की गिरफ्तारी की गई थी एवं अन्य दो आरोपी रतन व रजनीबाई उर्फ सुशीलाबाई घटना दिनांक से फरार चल रहे थे। फरार आरोपियों की गिरफ़्तारी हेतु पुलिस टीम के द्वारा भरसक प्रयास किए जा रहे थे व फरार आरोपियों की गिरफ़्तारी हेतु मुखबिरों को भी सक्रिय कर फरार आरोपियों की जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया था। परिणामस्वरूप पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर से घटना दिनांक से फरार आरोपी रतन व रजनीबाई उर्फ सुशीलाबाई को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

**पुलिस टीम:** उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सनावद निरीक्षक श्री रामेश्वर ठाकुर के नेतृत्व मे सहायक उपनिरीक्षक राजेश दिनकर, प्रधान आर. गम्भीर मीणा, आरक्षक अनिल मीणा, म.आर.897 बंदना भदौरिया व आरक्षक पीथा नायक का विशेष योगदान रहा।

## एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने भोपाल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को एडमिशंस ओपन हाउस में आने का न्यौता दिया

**भोपाल।** भविष्य की यूनिवर्सिटीके रूप में स्थापितएनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) ने उच्च शिक्षा और ज्ञान-आधारित समाज के उभरते क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपनी खास पहचान बनाई है। अब यह यूनिवर्सिटी अपने आगामीएडमिशन ओपन हाउसकी घोषणा करते हुए उत्साहित है, जोरविवार, 13 अप्रैल को सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक भोपाल स्थितहोटल श्री वाटिका, आर-51, चेतक ब्रिज, ज़ोन-1, एमपी नगरमें आयोजित होगा। यह ओपन हाउस खासतौर पर उन छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए है, जिन्होंने हाल ही में अपनी 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं दी हैं। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों कोएनआईआईटी यूनिवर्सिटी की प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति के विकल्पोंऔरविभिन्न अकादमिक कार्यक्रमोंके बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रतिभागियों कोएनयू की वरिष्ठ अकादमिक टीम से सीधे संवादका अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय के कुछ चयनित विद्यार्थीआवासीय परिसर में अपने अनुभवोंऔरकैरियर निर्माण के अवसरोंपर चर्चा करेंगे। रोचक सत्रों और संवाद के माध्यम से प्रतिभागी जान पाएंगे कि एनयू किस तरह से भविष्य के लीडर्स और इनोवेटर्स को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनयू के प्रेसिडेंट प्रोफेसर प्रकाश गोपालनने कहा,दुनिया जिस तरह तकनीक और डाटा के माध्यम से बदल रही है, उसमें एनआईआईटी यूनिवर्सिटी भविष्य के पेशेवरों को तैयार करने के अपने मिशन पर प्रतिबद्ध है। भोपाल में आयोजित हमारा ओपन हाउस विद्यार्थियों के लिए सिर्फ जानकारी का अवसर नहीं, बल्कि हमारे अत्याधुनिक प्रोग्रामों और सोच को करीब से जानने का मौका है।

## भोपाल में सिनेपॉलिस का नया 5-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स लॉन्च, अब मनोरंजन का मज़ा होगा दोगुना

**भोपाल।** भारत में कदम रखने वाली पहली इंटरनेशनल सिनेमा कंपनी और प्रीमियम मूवी देखने के अनुभव के लिए दुनिया भर में मशहूर, सिनेपॉलिस इंडिया ने अब भोपाल में अपने नए 5-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स का शुभारंभ किया है। यह नया मल्टीप्लेक्स बंसल प्लाज़ा मॉल में स्थित है। यह प्रोजेक्ट बंसल ग्रुप के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है, जो कि भोपाल के सबसे नामी मॉल डेवलपर्स में से एक है। इससे न सिर्फ भारत में सिनेपॉलिस की उपस्थिति को मजबूती मिलेगी, बल्कि भोपाल के दर्शकों को वर्ल्ड-क्लास सिनेमा का शानदार अनुभव भी मिलेगा। बंसल प्लाज़ा मॉल शहर का एक बड़ा और अहम् शॉपिंग डेस्टिनेशन है, जो करीब 2.5 लाख वर्ग फीट में फैला है और इसमें कुल 3.4 लाख वर्ग फीट का रिटेल स्पेस मौजूद है। इस मॉल में एक से बढ़कर एक सुविधाएँ हैं, जिसमें हाइपरमार्केट, डिपार्टमेंटल स्टोर्स, ब्रांडेड रिटेल आउटलेट्स, शानदार फूड कोर्ट और विज़िटर्स के लिए भरपूर पार्किंग स्पेस शामिल है। ऐसे में, सिनेपॉलिस का नया मल्टीप्लेक्स यहाँ की मनोरंजन की दुनिया को एक नया आयाम प्रदान करेगा, जहाँ फिल्में सिर्फ देखी नहीं, बल्कि महसूस भी की जाएँगी। करीब 3,436 वर्ग मीटर में फैले इस 5-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स में कुल 804 सीटों की व्यवस्था की गई है, जिसमें 751 रेगुलर सीटें और 53 शानदार वीआईपी रिक्लाइनर शामिल हैं।

## ज़ेटाई की प्रस्तावित रीस्ट्रक्चरिंग स्कीम पर मतदान के नतीजे

**मुंबई, एजेंसी।** ज़ेटाई प्रा. लि. को यह बताते हुए खुशी है कि उसकी प्रस्तावित व्यवस्था की योजना (स्कीम ऑफ अरेंजमेंट) को हाल ही में संपन्न हुए मतदान में क्रेडिटर्स का ज़बरदस्त समर्थन मिला है। वज़ीरएक्स प्लेटफॉर्म पर क्रिप्टो बैलेंस रखने वाले सभी क्रेडिटर्स, सिंगापुर हाई कोर्ट में दायर की गई प्रस्तावित रीस्ट्रक्चरिंग स्कीम पर मतदान करने के लिए पात्र थे। मतदान प्रक्रिया क्रोल इश्यूअर सर्विसेज़ प्लेटफॉर्म पर, 19 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित की गई थी। कुल मिलाकर, 1,41,476 स्कीम क्रेडिटर्स ने मतदान में हिस्सा लिया, जो कि एसडी195,650,529.03 के स्वीकृत दावों की राशि का प्रतिनिधित्व करते हैं। मतदान करने वाले स्कीम क्रेडिटर्स में से 1,31,659 क्रेडिटर्स ने, जो कि एसडी184,997,156.31 की स्वीकृत दावों की राशि का प्रतिनिधित्व करते हैं, स्कीम के पक्ष में वोट दिया। यह स्कीम के समर्थन में मतदान करने वाले स्कीम क्रेडिटर्स की कुल संख्या का 93.1 प्रतिशत और दावे की कुल राशि का 94.6 प्रतिशत दर्शाता है। इस स्तर का समर्थन कंपनी अधिनियम की धारा 210(3एबी) के तहत वैधानिक मतदान सीमा आवश्यकता से काफी अधिक है, जिसमें यह आवश्यक होता है कि स्कीम को मंज़ूरी देने के लिए मतदान में शामिल होने वाले और मतदान करने वाले क्रेडिटर्स में से कम से कम संख्या के आधार पर बहुमत और कुल दावों के मूल्य का कम से कम 75 प्रतिशत आवश्यक होता है।दावे की रकम की परवाह किए बिना समर्थन में मजबूती दिखी। सबसे छोटे दावे वाले क्रेडिटर्स से लेकर सबसे बड़े दावे रखने वाले क्रेडिटर्स तक—सभी वर्गों में स्वीकृति दर 92 प्रतिशत से 95 प्रतिशत के बीच उल्लेखनीय रूप से स्थिर बनी रही। ज़ेटाई के विविध क्रेडिटर वर्गों से मिला यह समान समर्थन इस बात की पुष्टि करता है कि स्वीकृत दावे की राशि चाहे जो भी हो, सभी वर्गों में प्रस्तावित रीस्ट्रक्चरिंग स्कीम को लेकर व्यापक सहमति बनी हुई है।

## एचईसी इंफ्रा ने हासिल कि एम/एस ब्रिक्सो इंडस्ट्रीज़ से 015.68 करोड़ की ईपीसी ऑर्डर

**अहमदाबाद, एजेंसी।** एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचइसी, द कंपनी), जो कि एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स में अग्रणी है, को एम/एस ब्रिक्सो इंडस्ट्रीज़ से 15.68 करोड़ का वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इस अनुबंध के तहत एचईसी इंफ्रा प्लांट विद्युतीकरण और 66 केवी लाइन के शिफ्टिंग के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग जैसी पूरी ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) जिम्मेदारियाँ निभाएगी। यह परियोजना 12 महीनों के भीतर पूर्ण की जानी है।यह नया ऑर्डर कंपनी की ऑर्डर बुक को और भी मजबूत करता है और औद्योगिक विद्युतीकरण के क्षेत्र में इसके बढ़ते पोर्टफोलियो में एक और उपलब्धि जोड़ता है। तकनीकी उत्कृष्टता – एचईसी इंफ्रा उच्च वोल्टेज स्विचगियर, ट्रांसफॉर्मर, केबलिंग और सुरक्षा प्रणालियों में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेगी ताकि ब्रिक्सो इंडस्ट्रीज़ को विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। संचालन दक्षता- टर्नकी ईपीसी दृष्टिकोण डिज़ाइन, खरीद और निर्माण के चरणों में सहज समन्वय की अनुमति देता है, जिससे समय पर डिलीवरी और निरंतर गुणवत्ता सुनिश्चित होती है मजबूत साझेदारी- इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करना औद्योगिक क्षेत्र में जटिल विद्युतीकरण कार्यों के लिए - एचईसी इंफ्रा की एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में प्रतिष्ठा को और मजबूत करेगा। ऑर्डर प्राप्त होने पर, एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री गौरंग शाह ने कहा, इस नए औद्योगिक विद्युतीकरण परियोजना को हासिल करना हमारी टीम की तकनीकी दक्षता और हमारे टर्नकी डिलीवरी मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। डिज़ाइन, खरीद और निष्पादन को एक ही छत के नीचे एकीकृत करके, हम लगातार सुरक्षा, गुणवत्ता और समय पर डिलीवरी को प्राथमिकता देते हैं। यह आदेश हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो को और अधिक मजबूत बनाता है और उच्च गुणवत्ता वाले, एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मसूर और काबुली चने में तेजी, गेहूं में गिरावट

**इंदौर।** 11 अप्रैल 2025 का मंडी भाव किसानों और व्यापारियों के लिए खास है, क्योंकि आज मसूर और काबुली चने की कीमतों में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं दूसरी ओर गेंहू की कीमतों में थोड़ी सुस्ती नजर आई। भारत में एक शहर से दूसरे शहर तक सामानों का आना जाना रोज़ की बात है। यह सिलसिला सालों से चला आ रहा है और आप पहले से भी ज़्यादा तेज़ी से हो रहा है। ज़रूरत की एक चीज़ें खेतों से मंडियों में, फैक्ट्रियों से दुकानों तक पहुँचती है जिससे आम लोगों को समय पर हर सामान मिल सके। आपने कभी सोचा है जो सभी आप बाज़ार से लाते हैं वो आपके शहर तक कैसे पहुँचती है? या फिर जो कपड़े की दुकान में नए डिज़ाइन आप खुद दिखते हैं वो कपड़े आखिर कहाँ से आते हैं? दरअसल, हमारे देश में हर रोज़ हज़ारों सामान एक जगह से दूसरी जगह भेजे जाते हैं ताकि हर किसी को ज़रूरत की चीज़ें समय पर मिल सकती है। अक्सर हमारे मन में यह सवाल आता है कि एक ही चीज़ की क़ीमत हर जगह अलग होती है। कभी टमाटर 20 रुपये किलो मिलता है तो कभी 60 रुपये तक पहुँच जाता है। आखिर इन बढ़ती और घटते दामों की पीछे वजह क्या है। सामान एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाता है, जिसमें ट्रांसपोर्ट का खर्चा, मौसम का असर और माँग पूर्ति का अंतर शामिल है।



**अनाज भाव:** सोयाबीन- 3980 से 4090 प्रति क्विंटल, गेहूं- 2555 से 2701प्रति क्विंटल, गेहूं सुजाता- 2300 प्रति क्विंटल, मक्का- 2200 प्रति क्विंटल, डॉलर चना- 8600 से 9840 प्रति क्विंटल, देसी चना- 6500 से 7000 प्रति क्विंटल, चना कांटा- 4100 प्रति क्विंटल, आमचूर- 3500 प्रति क्विंटल, मसूर- 4200 से 6900 प्रति क्विंटल, मूंग- 4800 से 7700 प्रति क्विंटल, मूंग एवरेज- 4600 से 6200 प्रति क्विंटल, तुअर- 3750 से 6500 प्रति क्विंटल, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 3200 से 6800 प्रति क्विंटल, निमाड़ी तुअर- 3050 से 5800 प्रति क्विंटल, सरसों- 3150 से 5250 प्रति क्विंटल, सरसों निमाड़ी- 3180 से 5500 प्रति क्विंटल, उड़द बोल्ड- 6400 प्रति क्विंटलख उड़द मीडियम- 6100 से 7500 प्रति क्विंटल, हलका उड़द- 5700 से 7420 प्रति क्विंटल।

## क्या आपने भी कभी मिट्टी के खिलौने बनाए हैं!



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** हमारे बचपन की एक याद है वे बंजारनें जो मिट्टी के, आग में पके बर्तनों वाले खिलौने लेकर आया करती थीं। इन दिनों जब गर्मियाँ अपना रंग दिखाने लगतीं बच्चे नई क्लास में चले जाते और परीक्षाओं से निजात पाकर आने वाली गर्मी की छुट्टियों के लिये नये नये खिलौने जुटाना चाहते थे तो गली में किसी बंजारन की आवाज़ गूंज उठती। हम सब बर्तन में आटा भरकर बाहर गली में भागते। आटे के बदले हम उनसे छोटे मिट्टी के लाल गेरुआ रंग किये हुए खिलौने खरीदते जिन्हें आजकल टेराकोटा कहा जाता है।

आटे की चक्की, परात, कढ़ाई, चकला बेलन आदि की खूब डिमांड होती पर इतने से मन नहीं भरता तो गर्मियों की दोपहरें छत के किसी छायादार कोने में हम खुद चिकनी मिट्टी से अपने मनपसंद बर्तन बनाने में जुट जाते। मुझे याद है मुझे इतनी महारत हासिल हो गई थी कि सहेलियों के घर जाकर उनके खिलौने भी मैं ही बनाया करती थी। इन नन्हे चूल्हों और अंगीठी में आग सुलगाकर भी देखी जाती। किसी का स्टील का किचन सेट इस खेल में शामिल हो जाता तो सामूहिक रूप से खाना भी तैयार किया जाता। आजकल के बच्चे प्लास्टिक के बने किचन सेट में चम्मच हिलाकर नकली खाना बनाते और परोसते हैं उन्हें कहाँ मालूम है कि हमारी पीढ़ी इतनी एडवेंचरस थी कि हम लोग हर वो काम करते थे जिसकी हमसे उम्मीद नहीं होती।

आजकल के बच्चे चूल्हा, चक्की, ऊखल, सिलबट्टा, मटका जैसे खिलौने शायद ही पहचान पाएंगे क्योंकि आजकल के किचन सेट में प्लास्टिक की मिक्सी, कुकिंग गैस, वाटर प्यूरीफायर, फ्रिज शामिल हो गए हैं। विज्ञान की प्रगति और जीवनशैली में बदलाव का प्रभाव खिलौनों की दुनिया पर न पड़े ये स्वाभाविक भी तो नहीं है। वैसे भी उनकी क्रिएटिविटी के लिये अब मिट्टी नहीं उनका जुड़ाव रंग बिरंगी क्ले से है।

## सैमसंग ने भारत में पहली बार ग्लासेस फ्री 3डी और 4के 240एचजेड ओएलईडी ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स लॉन्च किए




**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स के 2025 लाइन-अप की उपलब्धता की घोषणा की। इसमें क्रांतिकारी ग्लासेस-फ्री ओडिसी 3डी, उद्योग का पहला 4के 240एचजेड ओडिसी ओएलईडी त8, और बेहद शानदार कर्व्ड ओडिसी जी9 शामिल हैं। ये मॉनिटर गेमिंग को मजेदार और शानदार बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, साथ ही ये गेमर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स की जरूरतों को पूरा करते हैं जो बेहतरीन विज़ुअल क्वॉलिटी चाहते हैं। नया 27 इंच का ओडिसी 3डी भारतीय बाजार के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला है, क्योंकि ये बिना चश्मे के 3डी गेमिंग का अनोखा अनुभव देता है।

27 इंच और 32 इंच के आकार में उपलब्ध, ओडिसी ओएलईडी जी8 दुनिया का पहला 4के ओएलईडी मॉनिटर है जिसने 240एच5 रिफ्रेश रेट के साथ उद्योग में एक नया मानक स्थापित किया है। ओडिसी जी9 49 इंच के डुअल क्यूएचडी डिस्प्ले और 1000आर कर्व्ड स्क्रीन के साथ एक बेजोड़ अल्ट्रा-वाइड अनुभव प्रदान करता है। यह 32:9 या 21:9 गेम खेलते समय उच्च-गुणवत्ता के विज़ुअल्स दिखाता है।

पुनीत सेठी, वाइस प्रेसिडेंट, एंटरप्राइज़ बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, सैमसंग में, हमारा लक्ष्य है कि सबसे आधुनिक डिस्प्ले टेक्नोलॉजी को सभी के लिए आसान बनाया जाए और भारतीय ग्राहकों को दुनिया की बेहतरीन तकनीक दी जाए। ओडिसी 3डी, ओडिसी ओएलईडी जी8 और ओडिसी जी9 मॉनिटर्स की पेशकश के साथ, हम न सिर्फ दुनिया की पहली तकनीक को भारत ला रहे हैं, बल्कि गेमर्स के लिए मजेदार अनुभव, तेज स्पीड और शानदार विज़ुअल क्वॉलिटी को भी नए स्तर तक पहुंचा रहे हैं। ओडिसी 3डी- भारत का पहला ग्लासेस-फ्री 3डी गेमिंग मॉनीटरएडवांस्ड आई-ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी और व्यू मैपिंग एल्गोरिदम की विशेषता के साथ, यह हाई-डेफिनिशन, आकर्षक 3डी विज़ुअल्स प्रदान करता है जो गेम और वीडियो कंटेंट को अधिक जीवंत बनाते हैं। रियलिटी हब ऐप वीडियो कंटेंट का पता लगाता है और इसे 3डी में चलाने का विकल्प प्रदान करता है।

## सोने ने फिर लगाई छलांग चांदी भी चमकी



**मुंबई, एजेंसी।** आज अगर आप सोना या चांदी खरीदने जा रहे हैं, तो पहले इनके ताजा रेट जरूर जान लें। आज सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार बढ़त देखने को मिली है। सोने की कीमत में 2000 रुपए प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है, जबकि चांदी के दाम 3000 रुपए प्रति किलो बढ़े हैं। इस तेजी के बाद अब सोने का भाव 93,000 रुपए के पार चला गया है और चांदी 97,000 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। नई दरों के मुताबिक, 22 कैरेट सोने का रेट 85,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 24 कैरेट सोने का भाव 93,390 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। वही, चांदी के दाम में भी बढ़त दर्ज की हैं, और 1 किलो चांदी का रेट 97,100 रुपये के आसपास बना हुआ है।

# पॉलीकैब इंडिया ने फैन कैटेगरी में अपनी पकड़ मजबूत की

### सुपर आरओआई फैंस लॉन्च किए बेहतरीन एयर डिलीवरी



**मुंबई, एजेंसी।** इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी पॉलीकैब इंडिया फैन कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रही है। कंपनी ने सुपर आरओआई फैंस की नई रेंज लॉन्च की है, जो इस श्रेणी में रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के नए स्टैंडर्ड कायम करेगी। यह रेंज शानदार प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और आधुनिक डिज़ाइन का बेहतरीन तालमेल प्रस्तुत करती है। बढ़ती ऊर्जा लागत और विकसित हो रही उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ, पॉलीकैब नए और आधुनिक ऐसे समाधान देने के लिए समर्पित है जो ग्राहकों के लिए उनके पैसों का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करते हैं।

पॉलीकैब के सुपर आरओआई फेन बीएलडीसी तकनीक से लैस हैं, जो 50त्न तक बिजली की बचत करने में सक्षम हैं। इसके कुछ विशेष बीएलडीसी मॉडल 25त्न अधिक एयर डिलीवरी प्रदान करते हैं। रिवर्स रोटेशन की सुविधा सर्दियों में भी आरामदायक माहौल बनाए रखने में मदद करती है। 100त्न कॉपर वाइंडिंग मोटर से निर्मित ये पंखे लंबे समय तक साथ निभाते हैं। ये पंखे 4 साल की वारंटी के साथ आते हैं। ये आधुनिक डिज़ाइन में 30 से अधिक रंगों में उपलब्ध हैं, जो आपके होम डेकोर को और सुंदर बनाते हैं। सुपर आरओआई पंखे अपने ग्राहकों को रिटर्न ऑन परफॉर्मेंस, रिटर्न ऑन टेक्नोलॉजी और रिटर्न ऑन प्रोडक्ट का वादा करते हैं, जिससे यह एक स्मार्ट और लाभदायक निवेश बन जाता है।

बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, पॉलीकैब ने फैन कैटेगरी में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। कंपनी ने 9 मिलियन से अधिक फैंस के उत्पादन की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया है। इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को एक एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर की ओर से सपोर्ट प्रदान किया जाता है। इस तरह मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में गहन उपभोक्ता शोध के आधार पर निरंतर नए प्रयोग किए जाते हैं और बेहतरीन प्रोडक्टस उपलब्ध कराये जाते हैं। लॉन्च के अवसर पर, पॉलीकैब इंडिया के एक्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट और चीफ बिजनेस ऑफिसर , श्री ईशविंदर खुराना ने कहा, आज के उपभोक्ता अपने होम अप्लायंसेस से अधिक उम्मीद रखते हैं। बदलती ज़रूरतों और बढ़ती ऊर्जा लागत के कारण, 61त्न उपभोक्ता ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता देते हैं, बिना प्रदर्शन या डिज़ाइन के साथ समझौता किए। इसी मांग को पहचानते हुए, फैंस पॉलीकैब इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण विकास क्षेत्र बन गए हैं। हमारे रुड़की प्लांट की सफलता के बाद, हमने हलोल में एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित की है, जिससे हमारे विस्तार को और गति मिलेगी। सुपर आरओआई पंखे पारंपरिक अपेक्षाओं से भी बहुत आगे हैं और पॉलीकैब इंडिया के नवाचार और दीर्घकालिक लाभ देने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और ऐसे समाधान पेश करते हैं।

# विराट कोहली ने विदेशी नहीं देशी कंपनी पर खेला दांव, प्यूमा से 110 करोड़ की डील की खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मशहूर क्रिकेटर और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के पति विराट कोहली ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनी पुमा के साथ 110 करोड़ रुपये का करार खत्म कर दिया है। अब वे एगिलिटास नाम के एक भारतीय स्पोर्ट्सवियर स्टार्टअप में पैसा लगाएंगे। उनका लक्ष्य है कि भारत से एक बड़ा स्पोर्ट्सवियर ब्रांड बनाया जाए। एगिलिटास कंपनी को साल 2023 में अभिषेक गांगुली ने शुरू किया था। अभिषेक पहले पुमा इंडिया और साउथ-ईस्ट एशिया के एमडी थे। वे कई सालों से कोहली के साथ काम कर रहे थे। उन्होंने ही साल 2017 में कोहली को पुमा से जोड़ा था। अभिषेक गांगुली ने इस बारे में कुछ भी कहने से मना कर दिया। लेकिन, पुमा के एक प्रवक्ता ने कहा, स्पोर्ट्स ब्रांड पुमा इंडिया क्रिकेटर और ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली के साथ अपनी लंबी साझेदारी खत्म करने की पुष्टि करता है। पुमा विराट को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता है और कहा कि यह उनके साथ कई वर्षों, कई उत्कृष्ट अभियानों और पथ-ब्रेकिंग उत्पाद सहयोगों का एक अद्भुत जुड़ाव था। इसका मतलब है कि पुमा ने कोहली को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कोहली के साथ काम करना बहुत अच्छा अनुभव था। सबसे पहले मिन्ट नाम की वेबसाइट ने इस खबर को छापा था। कोहली का अपना ब्रांड वन8 है। इसे कोहली ने साल 2017 में शुरू किया गया था। अब यह ब्रांड भी एगिलिटास के तहत काम करेगा।

## आरसीसीपीएल प्राइवेट लि. ने तीर्थयात्रियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और विश्राम तंबू की सुविधा शुरू की

**भोपाल।** समुदाय कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड ने चैत्र नवरात्रि के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए एक समर्पित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और विश्राम तंबू स्थापित किया है। यह पहल आध्यात्मिक यात्रा पर निकले भक्तों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस सुविधा के तहत अब तक 2,500 से अधिक मरीजों की जांच की गई और उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सहित चिकित्सा और स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा, तीन गंभीर मामलों को तत्काल उन्नत उपचार के लिए मैहर जिला अस्पताल में रेफर किया गया, जो कंपनी की आपात स्थिति से निपटने की तैयारी को दर्शाता है। आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के यूनिट हेड और एचआर हेड ने सुविधा के सुचारू संचालन और तीर्थयात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया। इस पहल का दौरा रेलवे सरकारी अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने भी किया, जिन्होंने इन प्रयासों की सराहना की। आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड समुदाय के समर्थन और तीर्थयात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इस तरह के सार्थक योगदान के प्रति समर्पित है।

# मां राजस्थान पिता एमपी से, बेटे ने ब्रिटेन में कमाया बड़ा नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मूल के निखिल राठी को ब्रिटेन के फाइनेंशियल कंडक्ट अथॉरिटी के सीईओ के रूप में दूसरा कार्यकाल मिला है। वित्त मंत्री रेचल रीव्स ने उन्हें फिर से नियुक्त किया है। राठी अगले पांच साल तक इस पद पर बने रहेंगे। सरकार का मानना है कि राठी का नेतृत्व आर्थिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। एफसीए वित्तीय बाजारों और 40,000 से ज्यादाफाइनेंशियल सर्विस कंपनियों का रेगुलेटर है। यह सुनिश्चित करता है कि ये सभी कंपनियां नियमों का पालन करें।



रेचल रीव्स ने कहा कि निखिल राठी ने सरकार के सुधार एजेंडे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह चाहती हैं कि राठी आर्थिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए और प्रयास करें। उन्होंने यह बात ब्रिटेन के ट्रेजरी विभाग से एक बयान में कही। रीव्स ने कहा, निखिल राठी इस सरकार के विनियमन को सुधारने के प्रयासों में महत्वपूर्ण रहे हैं ताकि यह विकास का समर्थन करे और निवेश को बढ़ावा दे। मुझे खुशी है कि वह एफसीए के नेतृत्व को जारी रखेंगे। ट्रेजरी विभाग ने कहा कि राठी एफसीए का नेतृत्व करेंगे। एफसीए का टारगेट ब्रिटेन को व्यापार करने के लिए सबसे अच्छी जगह बनाना है। इसके लिए अनावश्यक और पुराने नियमों को हटाया जाएगा। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि उपभोक्ताओं को नुकसान से बचाया जा सके और उन्हें बाजारों पर भरोसा हो।

अपनी दोबारा नियुक्ति पर राठी ने कहा कि एफसीए उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्था के लिए एक निष्पक्ष और संपन्न वित्तीय सेवा क्षेत्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण काम करता है। उन्होंने कहा, मुझे उन सुधारों पर गर्व है जो हमने विकास का समर्थन करने, परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने, ऊंचे मानक स्थापित करने और अपने बाजारों को स्वच्छ और खुला रखने के लिए किए हैं। हालांकि, हमें इस अस्थिरता के युग में और आगे और तेजी से बढ़ना चाहिए। ब्रिटेन प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक है।

### लंदन स्टॉक एक्सचेंज के रहे हैं चीफ

45 वर्षीय निखिल राठी का जन्म उत्तरी इंग्लैंड में हुआ था। उनके माता-पिता मधु और डॉ.राजेंद्र राठी राजस्थान और मध्य प्रदेश से हैं। राठी ने चेत्विंडे स्कूल में शिक्षा प्राप्त की। फिर उन्होंने सेंट ऐनीज कॉलेज, ऑक्सफोर्ड से दर्शनशास्त्र, राजनीति और अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी की डिग्री हासिल की। वह कम्ब्रिया अंडर-12 टेनिस चैंपियन भी थे। उन्हें पहली बार 2022 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एफसीए का सीईओ नियुक्त किया था।

एफसीए के प्रेसीडेंट एशले एल्डर ने राठी के दूसरे कार्यकाल का स्वागत किया। एल्डर ने कहा, सीईओ के रूप में उनके अनुकरणीय पहले कार्यकाल ने यह सुनिश्चित किया है कि एफसीए एक बदला हुआ संगठन है।

## सेवानिवृत्ति उच्च श्रेणी शिक्षक बी.आर. शेरके का किया सम्मान



**मोहखेड़ ।** विकासखंड के शास. हाई स्कूल खैरवाड़ा में उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर पदस्थ बलवंत राव शेरके की सेवानिवृत्ति के अवसर पर के.डी. होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अरविंद भट्ट बीएसी जनपद शिक्षा केंद्र मोहखेड़ के द्वारा बलवंतराव शेरके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। मूलतः सारंगबिहरी निवासी श्री शेरके ने 01 जुलाई 1983 को शास.प्राथ. शाला गोंदरा वि.खं. छिंदवाड़ा से सहायक शिक्षक के पद से अपनी सेवाएं आरंभ की तथा 10 अगस्त 2024 को उच्च पद प्रभार पर आपने शास.हाई स्कूल खैरवाड़ा वि.ख.मोहखेड़ में कार्यभार ग्रहण किया था। श्री बलवंत राव शेरके ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर अपने सहकर्मियों,विभागीय अधिकारियों,मित्रों रिश्तेदारों के प्रति आभार अभिव्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिक शाला गोंदरा में अपने सेवाकाल के अवसर में व्यतीत किए हुए दिनों को कभी भूल नहीं पाएंगे उनकी स्मृति में गोंदरा एवं उभेगांव हमेशा बना रहेगा।

## श्रीमद भागवत कथा सुनने पहुंचे संत पुजारी संघ के पदाधिकारी



**छिंदवाड़ा।** ग्राम पिंडई में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ में पंचम दिवस में महिषासुर वध एवं देवी उपासना की कथा में पहुंचे संत पुजारी संघ के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी गण आचार्य श्री शिव शंकर शास्त्री जी के मुखारबिंद से चल रही श्रीदेवी भागवत ज्ञान यज्ञ में समस्त पदाधिकारी के साथ संत पुजारी संघ के अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी, नगर अध्यक्ष पंडित नंदकिशोर शर्मा ,प्रचार प्रमुख पंडित अंकित तिवारी, नगर प्रखंड प्रमुख पंडित मनोज द्विवेदी, ने कथा का लाभ उठाया।

## कलेक्टर पहुंचे तालाब गहरीकरण कार्य में ग्रामीणों के साथ किया श्रमदान



**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जल संरचनाओं के संरक्षण और जल संवर्धन के लिए छिंदवाड़ा जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने आज स्वयं जनपद पंचायत जुन्नारदेव पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता की। इसके पूर्व वे जनपद चौरई अंतर्गत भी अभियान में सहभागिता कर चुके हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने जनपद जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत बुधवारा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब के गहरीकरण कार्य में ग्रामवासियों के साथ मिल कर श्रमदान किया। साथ ही उपस्थित ग्राम वासियों को जलसंरक्षण के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान तालाब जीर्णोद्धार के तहत गाद निकासी का कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर, सीईओ जनपद पंचायत जुन्नारदेव सुश्री रश्मि चौहान, सहायक यंत्री, ए. पी.ओ., उपयंत्री, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## आज आएंगे कमलनाथ वनकुलनाथ

### श्री हनुमान जन्मोत्सव व भीमराव अम्बेडकर की जयंती कार्यक्रम में होंगे शामिल

**छिन्दवाड़ा।-** धर्मानुरागी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत





नेताद्वय संकट मोचन श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सिद्ध सिमरिया धाम में आयोजित दिव्य व भव्य आयोजन में सम्मिलित होंगे। नेताद्वय बल, बुद्धि व विद्या के दाता हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर सर्वकल्याण की प्रार्थना करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ नेताद्वय तीन दिनी दौरे के पश्चात दिनांक 14 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे। छिन्दवाड़ा दौरे के दौरान वे विभिन्न धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दिनांक 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को श्री हनुमान भक्त कमलनाथ व नकुलनाथ सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचकर संकट मोचन हनुमान जी महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे साथ ही हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। दिनांक 13 अप्रैल 2025 दिन रविवार को कमलनाथ एवं नकुलनाथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

## अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन

**छिन्दवाड़ा।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गुरैया स्थित ओकटे कृषि फॉर्म में आयोजित 24 घण्टे के अखंड हरिनाम कीर्तन का दही लाही व महाप्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ। जिले व समीपस्थ जिलों के साथ ही अन्य प्रदेशों से पधारे संतों जनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुए इस दिव्य आयोजन में प्रसादी गृहण कर हजारों श्रद्धालु भक्तजनों ने पुण्य लाभ अर्जित किए। संतों का सानिध्य व उनकी दिव्य वाणी का अमृतपान करने का सौभाग्य जिले व गुरैया नगर के श्रद्धालु भक्तजनों को प्राप्त हुआ।

# आईपीएल क्रिकेट सट्टा पर पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी पकड़ाए

### आरोपियों से नकदी व मोबाइल किए जब्त,लाखों का हिसाब किताब मिला




**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ाअजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों पर सख्त एवं त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है, इसी क्रम में थाना प्रभारी कुण्डीपुरा निरीक्षक मनोज बघेल के नेतृत्व में कुण्डीपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखविर सूचना पर आईपीएल सट्टा पर कार्यवाही करते हुए और दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आन लाइन आईडी सहित चार मोबाइल फोन एवं 40,000/- रूपये नगदी एवं लाखों रूपये का हिसाब किताब जप्त कर आई पी एल क्रिकेट सट्टा पर आरोपियों पर प्रभावी कार्यवाही की गई थाना कुंडीपुरा पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि जनपद ऑफिस के पास नरसिंहपुर रोड पर एक व्यक्ति अपने मोबाइल फोन के माध्यम से क्रिकेट सट्टा की मास्टर आईडी से अवैध रूप से सट्टा खिलाकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी के निर्देशन में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई।

पूछताछ पर विकास उर्फ विक्की पांडे पिता वसंत पांडे, उम्र 50 वर्ष, निवासी नई आवादी, छिंदवाड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से मोबाइल मिला, जिसमें व्हाट्सएप पर वेबसाइट से जुड़ी यूजर आईडी और पासवर्ड मिला, जिसके माध्यम से सट्टा संचालन किया जा रहा था पूछताछ में विकास पांडे ने बताया कि यह उसे प्रतीक उर्फ मुन्नू चांडक निवासी शुभालय कॉलोनी द्वारा दी गई थी, जो उे सट्टा संचालन करने पर उसे 5 प्रतिशत कमीशन देता था। पुलिस द्वारा *प्रतीक उर्फ मुन्नू चांडक* को भी घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में बताया कि उसे यह ढ्ढष्ठ निवासी सिवनी से मिली थी, जिसके बदले वह 10 प्रतिशत कमीशन देता था। आरोपी प्रतीक ने यह भी स्वीकार किया कि वह मोबाइल सिम फर्जी नाम से लेकर उपयोग करता था तथा सबूत मिटाने के लिए मोबाइल तोड़ने की बात भी कही। आरोपियो के पास से नगदी 40,000/- रूपये एवं 04 मोबाईल फोन जिस पर लाखो का हिसाब किताब मिला जप्त किया गया आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 क एक्ट व धारा 49 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रभावी कार्यवाही की गई है। निरीक्षक मनोज बघेल, उनि करिश्मा चौधरी, सउनि मनोज , प्र. आर. प्रदीप बघेल, आर, करण रघुवंशी एवं सायबर सेल आदित्य रघुवंशी, नितिन सिंह ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### गुम हुआ सोने का कंगन पुलिस ने खोज कर लौटाया

जैन समाज की महावीर जयंती की शोभायात्रा मे दोपहर के समय शामिल हुई महिला कल्पना पाटोदी पति प्रदीप पाटोदी उम्र 60 साल निवासी गोलगंज का हाथ मे पहना हुआ लगभग 3.5 तोला वजनी सोने का कंगन शोभायात्रा मे पैदल चलते हुए छोटी बाजार रोड मे कही गिर गया था जिसकी कीमत लगभग 3 लाख रूपये थी महिला के द्वारा थाना में सूचना देने पर थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी के द्वारा बीट के आरक्षक रामकुमार जाटव को तत्काल कंगन की तलाश पतासाजी हेत सीसीटीवी फुटेज देखने को कहा गया आरक्षक रामकुमार के द्वारा त्वरीत कार्यवाही कर कंगन घुमने के स्थान के आस पास लगे सी सी टी कैमरे की फुटेज देखी गई जो सोने का कंगन एक चलित बलुन की दुकान लगाने वाले को मिला था जो आरक्षक के उक्त व्यक्ति की पहचान कर उसके घर कुम्हारी मोहल्ला मे जाकर उस व्यक्ति से पूछताछ करने पर सोने का कंगन मिलना स्वीकार किया जिससे सोने का कंगन प्राप्त कर पीडित को सोने का कंगन किमती 3 लाख रूपये का सुपुर्द किया गया । कंगन मिलने पर पीडित महिला के चेहरे की खुशी वापस लौट आई और पुलिस का आभार व्यक्त किया ।

## अमरवाड़ा, चौरई, परासिया विस का हुआ भाजपा सक्रिय सदस्य




**छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा विधानसभा, चौरई विधानसभा एवं परासिया विधानसभा का सम्मेलन संपन्न हुआ । सांसद विवेक बंटी साहू ने सक्रिय सदस्य सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश के विभिन्न क्षेत्रों में आए परिवर्तन को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार से पूरे देश में किए गए विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी । मोदी के नेतृत्व में देश नये आयाम गढ़ रहा है । चाहे वह शिक्षा, सुरक्षा, खेल सहित देश की मूलभूत समस्याओं का निराकरण कर रहे है । मोदी जी महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व वंदना योजना, लखपति दीदी योजना के माध्यम से लाभ दिलवा रहे है । कोरोना के समय से गरीबों को 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम भाजपा की केन्द्र सरकार कर रही है । भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी बनने तक के सफर में कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन से पार्टी को आज भारत के उच्च सदन तक पहुचाने तक का कार्य पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता ने निस्वार्थ भाव से किया है और भाजपा का कार्यकर्ता आगे भी इसी तरह पार्टी का काम करेंगे । भाजपा का कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए यादव ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता इसी तरह लगन के साथ पार्टी का कार्य करते रहे मैं सदैव आपके साथ हूँ । अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश शाह ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं भारतीय जनता पार्टी का सदस्य हूँ । भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है । भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं मध्यप्रदेश की सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ देने का काम कर रही है ।

## अस्थिर स्थिति में उम्मीद की किरण बनकर उभर रहा है भारतःआशीषकुमार चौहान, एमडी और सीईओ, एनएसई

**ग्वालियर।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) के एमडी और सीईओ श्री आशीष कुमार चौहान ने वैश्विक आर्थिक चुनौतियों, निवेशकों की सोच और भविष्य की संभावनाओं के बीच भारतीय बाजार के प्रदर्शन पर इंडिया ग्लोबल फोरम, मुंबई एनएक्सटी25 में अपने विचार साझा किए। अपने उच्चतम स्तर से 1.5 ट्रिलियन डॉलर नीचे आने के बावजूद भारतीय कैपिटल मार्केट में लॉन्ग-टर्म ग्रोथ ट्रेजेक्टरी पर जोर देते हुए श्री चौहान ने कहा, 2014 में भारत का मार्केट कैप 1 ट्रिलियन डॉलर से कम था, और आज यह लगभग 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। यह बताता है कि देश में बड़ी मात्रा में संपत्ति का निर्माण हुआ है। विदेशी निवेशकों के बाहर निकलने को लेकर उन्होंने कहा कि ये ट्रेंड वैश्विक ब्याज दरों में बदलाव और उभरते बाजार में जोखिम से बचने की भावना की वजह से देखा जा रहा है। लेकिन भारत की निर्यात संरचना कुछ ऐसी है, जिसकी वजह से यह ग्लोबल टैरिफ तनावों से काफी हद तक सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि भारतीय बाजार की मजबूती का एक बड़ा कारण घरेलू रिटेल निवेशक हैं। 6 करोड़ से ज्यादा भारतीय हर महीने सिर्फ 250 रुपए जैसी छोटी राशि से सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) करते हैं। इससे हर महीने बाजार में करीब 2.5-3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की स्थायी आमदनी होती है

## खनिज विभाग ने गिट्टी -मुरुम के अवैध भंडारण पर की बड़ी कार्रवाई

**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार खनिज विभाग एवं राजस्व अमले ने बुधवार को आमला क्षेत्र में गिट्टी एवं मुरूम के अवैध भण्डारण पर की बड़ी कार्यवाही है। खनिज अधिकारी मनीष पालेवार ने बताया कि खनिज विभाग एवं राजस्व अमले ने आमला रेलवे स्टेशन परिसर का संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण किया। इस दौरान जांच में पाया गया कि आमला रेलवे स्टेशन परिसर के समीप स्थित शासकीय भूमि ख.क्र. 742 रकबा 138.762 हेक्टेयर के अंश भाग पर निर्माणाधीन न्यू पार्किंग एरिया, रेल्वे न्यू बुकिंग ऑफिस एवं आंतरिक मार्गों के निर्माण में उपयोग किए जा रहे गौण खनिज गिट्टी एवं मुरूम का भण्डारण बिना अनुमति किया जाना पाया गया। तहसीलदार आमला एवं सहायक खनि अधिकारी बैतूल द्वारा आमला रेल्वे स्टेशन परिसर के निर्माण स्थल के सभीप अवैध रूप से भंडारित खनिज गिट्टी की माप की गई। नाप अनुसार खनिज गि?ट्टी की कुल मात्रा 666 घन मीटर एवं खनिज मुरूम की कुल मात्रा 191 घन मीटर पाई गई। मौके पर उपस्थित प्रोजेक्ट इंचार्ज सुमित पिता सुरत सिंह पारधे निवासी ग्राम खेरा बालाघाट द्वारा बताया गया कि वह ट्राई कनेक्ट इंफा प्राईवेट लिमिटेड रामदास पेठ नागपुर की कंपनी में कार्य करते हैं और उक्त खनिज गिट्टी जिले की विभिन्न क्रेशरों से एवं खनिज मुरूम कृषि भूमि के समतलीकरण व तालाब निर्माण से निकली मुरूम को परिवहन कर उक्त स्थल पर भण्डारित की गई है। उसके पास उक्त खनिजों के भडारण करने की अनुमति संबंधी कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। तहसीलदार आमला एवं सहायक खनि अधिकारी बैतूल द्वारा मौके पर कंपनी के द्वारा बिना अनुमति के अवैध रूप से भण्डारित खनिजों को जप्त किया जाकर अवैध भण्डारणकर्ता के विरूद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण



दर्ज किया गया एवं प्रोजेक्ट इंचार्ज सुमित पिता सुरत सिंह पारधे की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त प्रकरण पर अवैध भण्डारणकर्ता के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत अर्थदण्ड की राशि प्रस्तावित कर प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जायेगा।

## वृद्धा आश्रम में मनाया पूर्व राज्यपाल का जन्म दिन



**छिंदवाड़ा।** पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया का जन्मदिन गोधूलि वृद्ध आश्रम में उनके समर्थकों और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के द्वारा मनाया गया । छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल सुश्री दीदी अनुसुइया का जन्म दिवस के सुअवसर पर मंच के सभी सदस्यों द्वारा दीदी से केक कटवाकर तथा फलों का वितरण कर किया गया ऐसे मौके पर आश्रम के सभी वृद्धजनों ने दीदी को हार्दिक शुभकामनाओं के साथ उनके मंगलमय जीवन एवं दिर्घायु होने की कामनाओं के साथ आशीर्वाद दिया इस अवसर पर भाजपा नेत्री श्रीमती प्रीति बिसेन, श्रीमती शबनम ज़फ़र ख़ान उपस्थित रही साथ ही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक ज़फ़र ख़ान,सह संयोजक रिजवान खान, इरफान खान, जिला प्रभारी एजाज बाबू,शेरु भाई,सफीक ख़ान, मीडिया प्रभारी अता बाबू फ़ैज़ खान,शकील खान इत्यादि उपस्थित रहे।

## जैन समाज ने मनाया 2624वां तीर्थंकर महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव

### सांसद विवेक बंटी साहू हुए सम्मिलित




**छिंदवाड़ा।** चैत्र सुदी तेरस के शुभ दिन मध्यप्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में सकल जैन समाज ने अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2624 वां जन्मकल्याणक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया। प्रातःकाल की मंगल बेला पर प्रभात फेरी से महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से सांसद विवेक बंटी साहू शामिल हुए। इस अवसर पर नगर के समस्त जैन मंदिरों में विशेष पूजन की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए जिसमे प्रमुख रूप से सुधीर कुमार पाटनी, चन्दू जैन, व अन्य समाज के पदाधिकारी शामिल हुये। कुंडलपुर नगरी अहिंसा स्थली में 108 मुनिश्री आचरण सागर जी महाराज के मंगल प्रवचनों का लाभ लेकर श्रीजी का भव्य चल समारोह निकाला गया। जिसमें मुनिश्री सहित बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने मंगलगान करते हुए नगर में जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

## तामिया-पातालकोट में होगी तेलगू फिल्मों की शूटिंग

### स्थानीय कलाकारों को मिलेगा एक्टिंग का मौका, रोजगार के मिलेंगे नए अवसर काजरा और चिमटीपुर दिखेंगे स्क्रीन पर



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल और जिला प्रशासन के सहयोग से तामिया-पातालकोट सहित जिले के अन्य दर्शनीय स्थलों पर दो तेलगू फिल्मों की शूटिंग होने जा रही है। दोनों फिल्मों की शूटिंग के लिए लोकोशन तय हो चुकी हैं और प्रशासन से अनुमति के बाद अगले सप्ताह तेलगू कलाकार छिंदवाड़ा आएंगे और करीब 25 दिनों तक शूटिंग में भाग लेंगे। इन फिल्मों में 150 से अधिक स्थानीय कलाकारों व तकनीकि युवाओं का सहयोग लिया जाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। शूटिंग की अनुमति का पत्र जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार ने आरबीजी मूवीज के महाप्रबंधक पुरषोत्तम भारद्वाज को प्रदान किया। इस अवसर पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी भी उपस्थित थे। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत ने बताया कि कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार, एडीएम श्री केसी बोपचे के विशेष प्रयासों से दोनों फिल्मों की शूटिंग की अनुमति रिकार्ड समय में प्रदान की गई है। दोनों फिल्मों की 80 प्रतिशत शूटिंग तामिया-पातालकोट और चिमटीपुर में सहित अन्य स्थलों पर होगी। जिला प्रशासन ने फिल्म बनाने वाली टीम को जिले में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित होम स्टे में शूटिंग के लिए अनुरोध किया, इस पर पर्यटन ग्राम काजरा और चिमटीपुर के होम स्टे भी शूटिंग की लोकेशन में शामिल किए गए हैं। दोनों तेलगु फिल्मों में कार्य करने के लिए करीब 30 कलाकार हैदराबाद से आएंगे और 150 से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाकर फिल्मों से जोड़ा जाएगा। मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार के साथ मध्य प्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 का मुख्य उद्देश्य राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देना, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाना, तथा फिल्म निर्माण संबंधी आधारभूत ढांचे में निवेश आकर्षित करना है।

### पीडब्ल्यूडी के सड़क मरम्मत कार्य ने भ्रष्टाचारी अधिकारियों की पोल खोली

# कटरा बायपास के बीच बनी सड़क ने एक ही हफ्ते में दम तोड़ दिया




**मंडला/अजीत पटेल।** जिले के लोक निर्माण विभाग में किए जा रहे लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारनामों का चिठ्ठा आये दिन सामने आ रहे हैं।विगत दिनों मण्डला-जबलपुर प्रकाश हॉटल कटरा से बायपास के बीच पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क मरम्मत कार्य विभाग में बैठे जिम्मेदारों का शिकार हो गया।उक्त सड़क निर्माण मामले पर किए गए नियम विरुद्ध लेयर तथा निर्माण के दौरान लोक निर्माण कार्य विभाग राज्य शासन द्वारा जारी नियमावली के विरुद्ध किए गए मरम्मत निर्माण कार्य मामले की बात लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री जी.एस.भलावी के समक्ष रखी गई थी और उन्होंने दोषियों को संरक्षण तथा स्वयं के भ्रष्टाचार एवं लापरवाहियों पर पर्दा डालने को लेकर जिले में बारिश होने की बात कहकर सड़क निर्माण कार्य की जांच कराने की बात कहकर मामले को रफा-दफा कर दिया।

विगत दिनों कटरा से बायपास के बीच पीडब्ल्यूडी विभाग अंतर्गत उपयंत्री विशाल उइके की निगरानी में ठेकेदार महेश चौरसिया द्वारा यह सड़क लोक निर्माण विभाग की नियमावली के विरुद्ध लेयर की मोटाई को ताक पर रखकर रातों-रात निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया,जिसमें सड़क निर्माण के दौरान स्टापर,वन-वे साइड ब्लाक,उपयोग की जाने वाली डामरीकरण एवं अन्य सामग्री की जांच रिपोर्ट तैयार नहीं किया गया। उक्त मामले पर जवाब मांगने श्रीमती रश्मि छांटा अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय पहुंचने पर कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों ने स्पष्ट जवाब दिया कि मेडम कार्यालय में नहीं बैठती।

### पीडब्ल्यूडी अधिकारी जिले में बारिश होने की झूठी बात कर रहे

लोक निर्माण विभाग द्वारा भ्रष्टाचार का शिकार हुए उक्त सड़क निर्माण जिसे 31/03/2025 को निर्मित किया गया है,रही बात कार्यपालन यंत्री जी.एस.भलावी द्वारा बारिश होने की बात कहकर दोषियों को संरक्षण प्रदान करने का तो यह स्पष्ट है कि लगभग तीन-चार महीनों से अधिक समय हो गया जिले में बारिश नहीं हुई है,वहीं कार्यपालन यंत्री श्री भलावी पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण की गुणवत्ता तथा की गई लापरवाही की जांच करने की बात कर रहे हैं जबकि पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री मण्डला श्री भलावी अपनी लापरवाहियों को लेकर पहले से चर्चा में बने हुए हैं,इसके पहले भी पत्रकारों ने भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा को उनकी लापरवाही तथा कार्यालय में अधिकांश अनुपस्थिति को लेकर अपनी बात रखी,परन्तु श्री भलावी जिले के सबसे बड़े नेता के रिश्तेदार हैं।जिसके चलते सत्ता दल के जिला अध्यक्ष ने भी पत्रकारों की दरखास्त को अनसुनी कर दिया।पीडब्ल्यूडी के ईई श्री भलावी महिनों समय पर अपनी कुर्सी में नहीं मिलते वहीं उनके नुमाइंदों द्वारा रटा-रटाया जवाब दौरे पर गए हुए बता दिया जाता है,आखिर समझ में नहीं आता है कि जिले के कौनसी क्षेत्रों में दौरा करते हैं भलावी जी क्योंकि जिले के चारों तरफ सड़कों की हालत जर्जर है।

### पीडब्ल्यूडी ईई श्री भलावी घर में निपटा रहे शासकीय कार्य

जिले में लोक निर्माण विभाग की कुर्सी पर टाबल बिछाकर कार्यपालन यंत्री श्री भलावी के कक्ष के बाहर मिलने का समय की पर्ची चिपकाकर श्री भलावी के महीनों कार्यालय से गायब होने की बात जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है,वहीं कार्यालय के कर्मचारी भी अधिकारी की अनुपस्थिति में स्वयं के गायब होने का मौका सोने में सुहागा की बात है। विगत दिनों कुछ पत्रकारों ने उक्त कटरा-बायपास के बीच सड़क मरम्मत निर्माण कार्य में हुए लापरवाही और भ्रष्टाचारी को लेकर श्री भलावी से वर्जन लेने कार्यालय पहुंचे तो फोन लगाकर पूंछने पर स्वयं को दौरे पर होने की बात कही गई,फिर उनके आवास के सफाईकर्मी से पूंछा गया तो बताया कि साहब घर में ठेकेदार के साथ बैठे हैं,पत्रकार जब आवास पहुंचे तो उन्होंने स्पष्ट किया कि मैं कार्यालय में ज्यादा नहीं बैठता जो भी काम है मैं घर पर ही निपटा लेता हूं। एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा इस तरह का गैर-प्रशासनिक जवाब देना तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी नियमावली के वैधानिक नियमावली के विरुद्ध किए गए सड़क मरम्मत एवं निर्माण कार्य के तुरंत बाद सड़क का जर्जर होना स्पष्ट करता है कि विभाग के आला-अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा तथा भ्रष्टाचारीयों को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है,उक्त मरम्मत निर्माण कार्य में किए गए लापरवाही तथा नियम विरुद्ध हुए कार्य की पूर्ण जवाबदेही श्रीमती रश्मि छांटा अनुविभागीय अधिकारी,उपयंत्री विशाल उइके एवं लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री जी.एस. भलावी की है जो अपनी लापरवाहियों के लिए वर्षों से चर्चा में बने हुए हैं।सरकार राज्य के विकास के नाम पर आये दिन कर्जा पर कर्जा लेकर सड़क निर्माण योजना के नाम पर कर्जदार हो रही है और लापरवाहियों-भ्रष्टाचारीयों द्वारा स्वयं को सांसद-विधायक का रिश्तेदार बताकर सरकार की योजनाओं की करोड़ों राशि का बंदरबाट किया जा रहा है।

**इनका कहना है-**

-कटरा-बायपास के बीच में सड़क मरम्मत कार्य में जो गड़बड़ी हुई है उसकी जांच कराकर फिर से सुधार करा दिया जाएगा।

**जी.एस. भलावी कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी**





भोपाल। श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाने की श्रद्धालुओं ने तैयारी शुरू कर दी है। नगर के हनुमान जी के मंदिरों को सजाया जा रहा है। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे।



आज 7 नंबर स्टॉप पर महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वी जयंती धूमधाम सेमनाई इस अवसर सर पर गोपाल सांसद भोपाल सांसद आलोक शर्मा मंत्री कृष्णा गौर महापौर मालती राय दक्षिण पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी माली समाज के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष जीपी माली सहित अनेक लोग शामिल हुए।

## भारत रत्न डॉ. आंबेडकर की जयंती पर भाजपा नेता करेंगे पुष्पांजलि अर्पित

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिला अध्यक्ष श्री रविन्द्र यति ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के महापुरूषों के चित्रों पर दीप प्रज्जवलित कर जिला कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। यति ने बताया कि भोपाल के मंडलों में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



13 अप्रैल की पूर्व संध्या को उनकी प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा। 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जायेगा। आमजनों के लिए शीतल जल के प्याऊ का लोकार्पण किया जायेगा। साथ ही आमसभा का आयोजन भी होगा। भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने बताया कि 14 अप्रैल को भोपाल के बोर्ड आफिस चौराहा पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 5सहित, सांसद, विधायक, महापौर सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में जिला महामंत्री व नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर, कार्यक्रम के टोली संयोजक शंकर मकोरिया, इन्द्रजीत राजपूत, हरिओम ओसारी, महेश मकवाना, राजेन्द्र गुप्ता, अश्विनी राय, राजकुमार विश्वकर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय पाटीदार, निखलेश मिश्रा मंचासीन थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक, मंडल अध्यक्ष, संयोजक उपस्थित रहे।

## हेनीमेन जयंती पर हेब्स ने कार्यक्रम आयोजित किया



**भोपाल।** होमोपैथी के जनक डॉ हैनिमैन की जयंती के अवसर पर आज हैनिमैन एकेडमी ऑफ वाइटल साइंस एंड ह्मेनिटीज द्वारा कल्पना नगर स्थित कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी जी.के . छिब्बर, ने कहा की होमिपेथी के इलाज पर लोगो का विश्वास बड़ा है ओर इस विधा पर नए अनुसंधान भी हो रहे है इसमें हेब्स संस्था भी सक्रिय है इस संस्था द्वारा निशुल्क जांच शिवीर भी लगाए जा रहे है कोविड के समय भी होमिपेथी ने कई मरीजों को स्वस्थ कर अपनी उपयोगिता सिद्ध की है इस अवसर पर , डॉ ललित जैन, डॉ पी एस श्रीवास्तव ने भी विचार प्रगट किए श्री निशीकांत पाटिल एवम् एम के ओरैया एवम् अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग की होटल ढाबों पर दबिश ग्राहकों को शराब देने पर बनाए 33 प्रकरण



**भोपाल।** आबकारी अमले ने होटल और ढाबों पर गुरुवार रात में दबिश दी। यहां पर ग्राहकों को शराब परोसी जा रही थी। विभाग ने 33 प्रकरण बनाए। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की तीन टीमों ने यह कार्रवाई की। जिला कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि रात में कोलार, नीलबड़, रातीबड़ क्षेत्र के नटखट रेस्टोरेंट, ट्री चैप्टर समेत कई प्रतिष्ठानों पर दबिश दी गई। इस दौरान 33 प्रकरण दर्ज किए गए। अवैध शराब सेवन और बिक्री पर यह कार्रवाई की गई, जो आगे भी जारी रहेगी। जिला कंट्रोलर गोयल ने बताया, कलखेड़ा से 25 पाव देशी शराब जब्त की गई। वहीं, रातीबड़ स्थित गुरु होटल से महंगी शराब और बीयर की पेटियां जब्त की। संचालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

## बाबू सोलोमन प्रसाद का निधन



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव बाबू सोलोमन का लंबे इलाज के बाद निधन हो गया। वे लम्बे समय से वेंटिलेटर पर थे। उनके भाई डॉ सुशील कुमार प्रसाद ने यह जानकारी दी। सोलोमन एल दैनिक अख़बार का संपादन भी करते थे। कांग्रेस के कई नेताओं एवं पत्रकारों ने सोलोमन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# अत्यधिक गर्मी एवं लू से बचने के लिए नागरिक अपनाएं सावधानियां: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राज्य में बढ़ती गर्मी और लू की गंभीरता को देखते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल के समय में सभी नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्तियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। सरकार और प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। समस्त स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक तैयारियों के लिए निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने अपील की है कि सभी नागरिक सावधानियों का अवश्य पालन करें।

प्रबंध संचालक, एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन और अस्पताल अधीक्षकों को गर्मी के दृष्टिगत स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आवश्यक तैयारियों और जागरूकता के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गर्मी के मौसम में भारत सरकार द्वारा हीट रिलेटेड इलनेस से बचाव के लिए दिशा-निर्देश को जिला व स्वास्थ्य संस्थानों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के लिए कहा है। साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में इन पर चर्चा कर संबंधित विभाग प्रमुखों को भी अवगत कराने के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने जनसामान्य को जागरूक करने और सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में रोगियों को एचआरआई से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, आईएचआईपी पोर्टल पर प्रतिदिन एचआरआई मामलों की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। ताकि अधिक तापमान से होने वाली बीमारियों व अवांक्षित घटनाओं को रोका जा सके।

**हाइड्रेटेड रहना है जरूरी–** गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी होना आम समस्या है, जिससे गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं। नागरिको दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, भले ही प्यास न लगे। यात्रा करते समय पानी अवश्य साथ रखें। ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी, छाछ, फलों के रस (थोड़ा नमक मिलाकर) जैसे घरेलू पेयों का सेवन लाभकारी होता है। तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा जैसी मौसमी फल-सब्ज़ियों का सेवन शरीर में तरलता बनाए रखने में सहायक होता है।



**शरीर को ढककर रखें–** धूप में निकलते समय शरीर को पूरी तरह ढकना बेहद जरूरी है। हल्के रंग के, सूती और ढीले कपड़े पहनें ताकि गर्मी से राहत मिल सके। सिर को टोपी, छतरी, गमछा या पारंपरिक उपायों से ढकना चाहिए। नंगे पांव धूप में जाना भी हानिकारक हो सकता है, इसलिए चप्पल या जूते पहनना अनिवार्य है।

**घर को ठंडा और सुरक्षित बनाएं–** जहां तक हो सके, दोपहर के समय घर के अंदर या छांव में रहें। घर में ठंडी हवा का संचार बना रहे, इसके लिए दिन में खिड़कियां और पर्दे बंद रखें और रात में उन्हें खोल दें। यदि बाहर जाना ही हो, तो सुबह या शाम के ठंडे समय में ही जाएं। गर्मी के समय बाहरी गतिविधियों को सीमित करना आवश्यक है। घर में ठंडक बनाए रखने के लिए पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें। दिन में निचली मंजिल पर रहना ज्यादा सुरक्षित होता है। शरीर को ठंडा रखने के लिए पंखा, ठंडा पानी, गीले कपड़े, या 20एष्ट के पानी में पैरों को डुबोना सहायक होता है।

**विशेष ध्यान देने योग्य संवेदनशील वर्ग–** छोटे बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, मानसिक या शारीरिक बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति, और जो लोग बाहर कार्य करते हैं ङ्क ये सभी अधिक संवेदनशील होते हैं। इन लोगों को अतिरिक्त सुरक्षा और देखरेख की आवश्यकता होती है। यदि कोई व्यक्ति हाल ही में ठंडे प्रदेश से गर्म प्रदेश में आया हो, तो उसे शरीर को नई जलवायु के अनुसार ढालने के लिए समय देना चाहिए।

**मौसम की जानकारी रखें–** रेडियो, टीवी, समाचार पत्रों या भारत मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाइट से मौसम की ताज़ा जानकारी लेते रहें। मौसम की पूर्व चेतावनियों को गंभीरता से लें और उसी अनुसार अपने कार्यक्रम बनाएं।

**बचाव के लिए ये गलतियां न करें–** दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बाहर न निकलें। इस समय गर्मी अपने चरम पर होती है। भारी कामकाज या शारीरिक मेहनत भी टालें। नंगे पांव बाहर न निकलें। गर्मी में खाना पकाते समय रसोई में वेंटिलेशन रखें। शराब, चाय, कॉफी, सॉफ्ट ड्रिंक्स, या अधिक मीठे पेयों से बचें, ये शरीर से तरलता कम करते हैं। बासी और भारी प्रोटीन युक्त भोजन न करें। किसी भी परिस्थिति में बच्चों या पालतू जानवरों को बंद वाहन में न छोड़ें।

**श्रमिकों और नियोक्ताओं के लिए विशेष निर्देश–** काम की जगह पर ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना अनिवार्य है और हर 20 मिनट में पानी पीने की सलाह दी जाए। काम को सुबह-शाम के समय शेड्यूल करें। छांव की व्यवस्था करें और कार्य के बीच पर्याप्त आराम दें। नए श्रमिकों के लिए कार्य का समय धीरे-धीरे बढ़ाएं ताकि वे मौसम के अनुसार ढल सकें। श्रमिकों को गर्मी से संबंधित लक्षणों की पहचान और प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दें। 'बडी सिस्टम' अपनाएं और प्रशिक्षित फर्स्ट एड कर्मियों की व्यवस्था करें। गर्भवती या बीमार श्रमिकों के लिए डॉक्टर से परामर्श आवश्यक है।

**भीड़-भाड़ वाले आयोजनों में सावधानी–** खेलों या धार्मिक आयोजनों जैसे भीड़-भाड़ वाले आयोजनों में अत्यधिक गर्मी और पसीने के कारण हीट रिलेटेड इलनेस (एचआरआई) की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे आयोजनों में पर्याप्त पानी, छांव और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था अनिवार्य है। उपस्थित लोगों को लक्षणों की जानकारी होनी चाहिए।

**गर्मी से होने वाली बीमारियां और लक्षण–** अत्यधिक गर्मी से शरीर का तापमान ऊपर जा सकता है, जिससे हीट स्ट्रेस, हीट रैश, हाथ-पांव सूजना, मांसपेशियों की ऐंठन, चक्कर आना, हीट एक्सहॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे दिल, फेफड़े, किडनी जैसी पुरानी बीमारियां भी बढ़ सकती हैं। लक्षणों में चक्कर, बेहोशी, उल्टी, सिरदर्द, बहुत ज्यादा प्यास, गाढ़ा पेशाब, तेज़ सांस और दिल की धड़कन शामिल हैं। मांसपेशियों की ऐंठन होने पर तुरंत ठंडे स्थान पर आराम करें और ओआरएस पिएं। यदि ऐंठन एक घंटे से अधिक रहे तो डॉक्टर से परामर्श लें।

**हीट स्ट्रोक जानलेवा स्थिति–** हीट स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है। इसमें शरीर का तापमान 40एष्ट से ऊपर हो सकता है और व्यक्ति बेहोश, भ्रमित या चिड़चिड़ा हो सकता है। त्वचा लाल, गर्म और सूखी हो जाती है। बच्चों में संकेत-दूध न पीना, चिड़चिड़ापन, पेशाब कम होना, आंखों का धंसना, सुस्ती या झटका आना, शरीर से खून आना आदि।

**तुरंत क्या करें–** 108 या 102 पर कॉल करें। व्यक्ति को ठंडी जगह ले जाएं। ठंडा पानी लगाएं, पंखा करें। चिकित्सा सहायता आने तक ठंडा करते रहें।

## प्रदेश में 3 दिन लू का अलर्ट

### भोपाल-उज्जैन समेत 42 जिलों में बारिश-ओले की संभावना

**भोपाल।** मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में अगले 3 दिन तक तेज गर्मी और लू से कुछ तो राहत मिलेगी। साथ ही भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत 42 जिलों में बारिश होने, तेज आंधी चलने या ओले गिरने का अलर्ट भी है। मौसम बदलने से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट भी हो सकती है। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया- वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ के एक्टिव होने की वजह से बारिश, ओले और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है। इस वजह से लू का असर नहीं रहेगा। पारे में गिरावट होगी। शुक्रवार को मध्यप्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से के 17 जिलों में मौसम बदला रहेगा। ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा और जबलपुर संभाग के जिले- श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में हल्की बारिश, तेज आंधी और ओले गिर सकते हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, शहडोल संभाग में मौसम साफ रहेगा। कुछ जगहों पर बादल छाए रह सकते हैं। शाम को बूंदाबांदी होने का अनुमान भी है। 12 और 13 अप्रैल को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मौसम बदला रहेगा।



### एक दिन पहले रहा गर्मी का असर

प्रदेश में गुरुवार को भी गर्मी का असर देखने को मिला। धार और रतलाम सबसे गर्म रहे। धार में 42.3 डिग्री, रतलाम में 42.2 डिग्री, खंडवा में 42.1 डिग्री, गुना-नर्मदापुरम में पारा 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह टीकमगढ़-दमोह में 41.8 डिग्री, सागर में 41.5 डिग्री, खरगोन-नौगांव में 41 डिग्री, मंडला में 40.8 डिग्री, सिवनी और शिवपुरी में पारा 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में 41.3 डिग्री, इंदौर में 40.3 डिग्री, ग्वालियर में 39.6 डिग्री, उज्जैन में 41 डिग्री और जबलपुर में 40.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। दूसरी ओर, शिवपुरी में बारिश हुई। कई शहरों में बादल भी छाए रहे।

### इंदौर में गर्मी दो दर्जन मोरों की मौत

इंदौर में गुरुवार को दो दर्जन से ज्यादा मोरों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। बुधवार को एक ही कॉलोनी में रहवासियों ने 4 मोरों की मौत का दावा किया। कालिंदी कुंज, रालामंडल और रेडियो कॉलोनी के रहवासियों का दावा है कि हीट वेव की वजह से उनके इलाके ये मौतें हुई हैं। हालांकि, इंदौर प्राणी संग्रहालय के प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने 2 मोरों की ही मौत हीट वेव से होने की बात कही है।

## एक हजार लीटर फोम, 25 डंपर रेत और 12 दमकलों ने पीथमपुर में पाइप फैक्ट्री की आग पर काबू पाया



**पीथमपुर।** धार में पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया की सिग्नेट कंपनी में लगी आग पर करीब 9 घंटे में काबू पाया जा सका। आग बुझाने में एक हजार लीटर फोम, 25 डंपर रेत और फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों का पानी लगा। आसपास की फैक्ट्रियों को लपटों से बचाने के लिए जेसीबी इस्तेमाल कर मिट्टी-रेत की दीवार बनाई गई थी। एसडीएम प्रमोद कुमार गुर्जर के अनुसार सिग्नेट पाइप कंपनी में आग देर रात करीब ढाई बजे लगी। इसका कारण शुक्रवार को सुबह तक भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। कंपनी प्लास्टिक के पाइप बनाती है। कच्चे माल की वजह से लपटें तेजी से बढ़ीं। आग बुझाने इंदौर, धार, धरमपुरी और आसपास के फायर स्टेशन से दमकलें बुलाई गई थीं। पीथमपुर की सिग्नेट पाइप कंपनी में लगी आग करीब 9 घंटे बाद काबू में आ सकी है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां फैक्ट्री के अंदर और बाहर पानी का छिड़काव करती रहीं ताकि लपटें फिर न भड़कें। हेल्थ एंड सेफ्टी डिप्टी डायरेक्टर राजेश यादव ने कहा- आग आसपास की फैक्ट्री तक न पहुंचे, इसके लिए प्रशासन की मदद ली गई।

श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने एक्स पर लिखा- पीथमपुर की सिग्नेट पाइप कंपनी में हालात अब नियंत्रण में हैं। हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई है। मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## कार रेलिंग तोड़ते नदी में गिरी, 4 लोगों की डूबकर मौत

**जबलपुर।** जबलपुर के चरगवां थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। बली के लिए ले जा रहे बकरा भी बच गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, चालक ने तेज रफ्तार वाहन पर से नियंत्रण खो दिया. वाहन पुल की रेलिंग से टकराने के बाद नदी में गिर गया। चरगवां थाना प्रभारी अभिषेक प्यासी ने बताया कि घटना दोपहर करीब 3.30 से 3.45 बजे हुई। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायलों को इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया. घायलों की हालत गंभीर है, लेकिन वे होश में हैं। अधिकारी ने कहा, ऐसा लगता है कि वे पास के देवता को बकरे की प्रतीकात्मक भेंट देने के बाद लौट रहे थे, जो एक अनुष्ठान का हिस्सा था, क्योंकि सभी लोग एक ही समुदाय से थे। हालांकि, बकरा दुर्घटना में बच गया।

### भोपाल के इतवारा में फटा गैस सिलेंडर, एक दर्जन दमकलों ने आग बुझाई

**भोपाल।** इतवारा में एक घर में रखा गैस सिलेंडर फट गया। इससे घर में आग लग गई। आगजनी की घटना रात 8 बजे की है। करीब 2 घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर फतेहगढ़, यूनानी सफाखाना और पुल बोगदा से एक दर्जन



दमकलें और टैंकर पहुंचे। इतवारा के कोड़ी मंदिर के पास आग लगी। आसपास के फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया। हालांकि, देर तक धुआं उठता रहा। इस कारण मौके पर ही दमकलें मौजूद है। टीन शेड के मकान में आग लगी थी। इस कारण आग पर काबू पाने में मशक्कत करना पड़ी। फायरमैन आसपास की बिल्डिंग पर पहुंचे और फिर आग में पानी डाला। इसके बाद आग बुझ सकी। फिलहाल आग लगने की वजह सामने नहीं आई है।

## ईडी की चार्जशीट में खुलासा, सौरभ शर्मा-हवाला कारोबारी ने स्काईलॉक सिस्टम कंपनी के जरिए ठिकाने लगाए पैसे

**भोपाल।** आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा की हवाला कारोबारी लोकेश सदाशिवम के साथ बिजनेस की डील का खुलासा हुआ है। यह खुलासा ईडी की रिपोर्ट से हुआ है। इस रिपोर्ट अनुसार लोकेश सदाशिवम के साथ सौरभ के परिवार का बिजनेस चला है। इनके बीच मित्रता रही है। इसी के चलते सौरभ की पत्नी दिव्या तिवारी और लोकेश सदाशिवम की मां एस. कंचना ने साथ मिलकर 'स्काई लॉक सिस्टम' नाम से कंपनी बनाई है। यह कंपनी पैसे ठिकाने लगाने के काम में उपयोग में लाई जाती रही है। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) भोपाल की चार्जशीट में खुलासा हुआ है कि आयकर विभाग द्वारा 19 दिसंबर की रात भोपाल के मेंडोरी स्थित फार्म हाउस से जो इनोवा कार 52 किलो गोल्ड और 11 करोड़ कैश के साथ जब्त की गई थी, वह दिन



में ही रोहित नगर से वहां ले जाकर खड़ी की गई थी। सौरभ शर्मा के ड्राइवर प्यारेलाल केवट को सौरभ के मौसा का लड़का विनय हासवानी पायलट करते हुए वहां तक ले गया था। यह कार दोपहर बाद ढाई बजे रोहित नगर से निकली और सीधे मेंडोरी पहुंची थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सौरभ ने इस गोल्ड को खुद का होने से इनकार किया है।

